
# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


जल जीवन मिशन









# प्यासे गांवों की छाती पर खड़ी आसमान छूती खाली टंकियां

छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन में 83 फीसदी ग्रामीण घरों में पीने का साफ पानी पहुंचाने के लिए नल लगाने का दावा है, लेकिन विडंबना यही है कि नल तो लगे हैं पर पानी नहीं है। अनुमान है कि इनमें से आधे से कुछ ही ज्यादा यानी करीब 55 फीसदी घरों में नलों से पानी आ रहा है। हरिभूमि उन घरों की बात कर रहा है, जहां नल है पर पानी नहीं या नल ही नहीं है। ऐसे घरों की संख्या 20 लाख से ज्यादा है। आज पेश है ऐसे ही घरों वाले कुछ और गांवों की रिपोर्ट -

## 25 लाख की टंकी छह साल से सूखी

ललित पटेल ▸▸ नर्रा ( बागबाहरा)

हरिभूमि लगातार

महासमुंद जिले के अंतिम छोर में ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत खट्टी में लगभग दो हजार आबादी इस भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए तरस रही है। यहां 2017-18 में नलों से पानी देने की योजना को मंजूरी मिली थी। करीब 25 लाख की लागत से पानी टंकी बनकर तैयार हुए छह साल हो गए, ▸▸शेष पेज 4 पर

### सीढ़ी बनी, टंकी नहीं

नर्रा के पास कोकड़ी गांव की अलग कहानी है, जहां 2024 में पानी टंकी बनाने से लेकर पाइप लाइन बिछाने और नल लगाने के लिए 64 लाख रुपए की मंजूरी मिली थी। लेकिन दो साल में सिर्फ सीढ़ी बनी है, टंकी का पता नहीं है। सालभर से तो सीढ़ी से आगे काम बढ़ा ही नहीं।

## एक करोड़ की टंकी में बूंद भर पानी नहीं

ललित मुखर्जी ▸▸ पिथौरा ग्रामीण

दूरदराज के गांवों में जाइए, तो आपको दूर से ही बड़ी-बड़ी पानी टंकियां दिखाई देंगी। ऐसा लगेगा जैसे विकास ने ऊंची उड़ान भर ली है। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। महासमुंद जिले के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ▸▸शेष पेज 4 पर





## भीषण गर्मी और अधूरी टंकी, खराब हैंडपंप

रविनंदन पांडेय ▸▸ कोदवागोडान (कवर्धा)

कबीरधाम के कोदवा गोडान की जमीनी हकीकत दावों से अलग है। यहां के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगभग 15 वर्ष पूर्व नल-जल योजना के तहत एक पानी टंकी का निर्माण किया गया था। लेकिन विभागीय अदूरदर्शिता के कारण इसके बोर में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। रही-सही कसर तकनीकी खराबी ने पूरी कर दी। मोटर जल जाने के कारण पिछले एक साल से गांव की जलापूर्ति पूरी तरह ठप्प है। प्रशासन को सूचना देने के बावजूद अब तक कुछ नहीं हुआ।

**नई टंकी: छह महीने से काम बंद**

ठेकेदार ▸▸शेष पेज 4 पर

## कांग्रेस अध्यक्ष के विवादास्पद बोल पर गरमाई सियासत

# खरगे ने पीएम को कह दिया 'आतंकवादी' भड़की भाजपा, कहा-आज तो अति हो गई

एजेंसी ▸▸ चेन्नई/नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपना हमला तेज करते उन पर आरोप लगाया कि वह विपक्ष को दबाने के लिए सरकारी मशीनरी और केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल करके राजनीतिक दलों और लोगों को 'आतंकित' कर रहे हैं। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल के साथ चेन्नई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए खरगे ने अन्नाद्रमुक के भाजपा के साथ गठबंधन की आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री को 'आतंकवादी' कहा। हालांकि, जब संवाददाताओं ने इस टिप्पणी का परिप्रेक्ष्य स्पष्ट करने के लिए दबाव डाला, तो कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उनका मतलब था कि प्रधानमंत्री देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने को 'आतंकित' कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहले 'आतंकवादी' बताकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भले ही तुरंत अपनी बात पलट दी हो, लेकिन भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ पूरी तरह से मोर्चा खोल दिया है। केंद्रीय मंत्री से लेकर भाजपा नेताओं तक ने कांग्रेस पर जोरदार हमले किए हैं। भाजपा ने कहा कि आज तो अति हो गई, खरगे को अपने विवादित बयान पर माफी मांगनी चाहिए।



- चेन्नई में प्रेस वार्ता के दौरान खरगे ने प्रधानमंत्री पर किया कटाक्ष
- भाजपा ने कांग्रेस नेताओं को घेरा, बयान पर माफी मांगने की मांग

### पहले भी दे चुके हैं विवादित बयान

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे पहले भी मोदी पर विवादित बयान दे चुके हैं। 2024 में पीएम की तुलना आक्रमणकारी तैमूर लंग से की थी। 2023 में 'जहरीला सांप' और 'झूठों का सरदार' कहा था। बाद में कांग्रेस अध्यक्ष ने सफाई भी थी।

### कुछ मिनट बाद सफाई

मोदी को आतंकी कहे जाने के सवाल पर बाद में खरगे ने कहा- पीएम मोदी लोगों और राजनीतिक पार्टियों को डरा रहे हैं। मैंने कभी नहीं कहा कि वह आतंकवादी हैं। मेरा मतलब है, मैं साफ करना चाहता हूं, कि मोदी हमेशा धमकी देते हैं। ईडी, आईटी और सीबीआई जैसी संस्थाएं उनके हाथ में हैं। वह डिलिमिटेशन भी अपने हाथ में लेना चाहते हैं। इसलिए मैं कह रहा था कि वह लोगों और पार्टियों को आतंकित कर रहे हैं, न कि मोदी आतंकी हैं।

**भाजपा के आक्रामक तेवर**

### राहुल-स्टालिन माफी मांगें



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पीएम मोदी के खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और डीएमके चीफ एमके स्टालिन से माफी मांगने को कहा है।

### राहुल के कहने पर खरगे ने की टिप्पणी : पात्रा



भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा है कि ये सिर्फ निंदनीय नहीं है, बल्कि कांग्रेस पार्टी की मानसिकता जाहिर करती है। अगर वे सफाई भी दे रहे हैं तो याद रखिए कांग्रेस पार्टी की ओर से यह जानबूझकर की गई साजिश है...।

### कांग्रेस का घोषित रवैया बेनकाब : मालवीय



भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पोस्ट पर कहा है कि प्रधानमंत्री के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने अभद्र बर्ताव किया है। उन्होंने लिखा, ऐसा पहली बार नहीं है कि खरगे ने सार्वजनिक चर्चा के स्तर को इतना नीचे गिरा दिया हो।

**विस में पास विधेयक को राज्यपाल की मंजूरी**

# मुन्नाभाइयों को कसने वाला कानून मंजूर, परीक्षा माफिया पर भी अंकुश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

प्रतियोगी परीक्षाओं में असली परीक्षार्थी की जगह नकली द्वारा परीक्षा दिलवाने वाले को लोग मुन्ना भाई के रूप में जानते हैं, इनके कई कारनामे छत्तीसगढ़ में भी सामने आ चुके हैं, लेकिन राज्य सरकार ने इनके सहित परीक्षाओं में धांधली करने वाले संगठित माफिया पर भी पूरी तरह नकेल कसने का इंतजाम कर लिया है। दरअसल इस पूरे गोरखधंधे को रोकने के लिए विधानसभा से एक विधेयक छत्तीसगढ़ (लोक भर्ती एवं व्यावसायिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2026' पारित कराया था, अब इसे राज्यपाल की अनुमति प्राप्त हो गई है।

यदि कोई संस्थान या सेवा प्रदाता (कंपनी या फर्म) परीक्षा में धांधली का दोषी पाया जाता है, ▸▸शेष पेज 4 पर

### मुख्य प्रावधान और सख्त सजा

यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में नकल करते या अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाया जाता है, तो उसका परिणाम रोक दिया जाएगा। साथ ही, उसे आगामी 1 से 3 साल तक किसी भी लोक परीक्षा में बैठने से प्रतिबंधित किया जा सकता है। परीक्षाओं में अनुचित साधनों का उपयोग करने या मिलीभगत करने वाले व्यक्तियों के लिए 3 से 10 वर्ष तक के कारावास और 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। अन्य संबंधित उल्लंघनों (जैसे प्रश्नपत्र प्रकटीकरण) के लिए 1 से 5 वर्ष की जेल और 5 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

### ये है मामला

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में होने वाली सरकारी भर्ती और व्यावसायिक परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एक अत्यंत सख्त कानून 'छत्तीसगढ़ (लोक भर्ती एवं व्यावसायिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2026' लागू कर दिया है। इस नए कानून के तहत पेपर लीक करने, नकल कराने और परीक्षाओं में धांधली करने वालों के लिए भारी जुर्माने और लंबी जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ में अब व्यावसायिक परीक्षाओं में गड़बड़ी करना भारी पड़ेगा। राज्यपाल की अनुमति के बाद राज्य सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने के लिए नया कानून लागू कर दिया है। यह कानून पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में प्रभावी होगा।

**शादी का जश्न पड़ा फीका**

## दावत में आमरस पीने के बाद 230 ग्रामीण बीमार

**दाहोद।** गुजरात के दाहोद जिले में एक शादी की दावत खाने के बाद 230 ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ गई। आशंका है कि खाद्य विषाक्तता के कारण इनकी तबीयत बिगड़ी। दाहोद के जिलाधिकारी योगेश निरगुडे ने बताया, दाहोद जिले के अभलोड गांव में एक शादी में खाना खाने के तुरंत बाद लगभग 230 लोगों ने उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत की। उन्होंने बताया कि लगभग 400 मेहमानों ने रात करीब आठ बजे आम के रस सहित भोजन किया था। उनमें से कुछ की रात करीब 11 बजे तबीयत बिगड़ गई।

### एफएसएसएआई ने मांगी रिपोर्ट

इस मामले को केंद्र सरकार ने बेहद गंभीरता से लिया है। देश की सर्वोच्च खाद्य नियामक संस्था, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने गुजरात के अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि इस लापरवाही के लिए जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

**मणिपुर: दो बच्चों की मौत के बाद भड़की है हिंसा**

## प्रदर्शनकारियों, पुलिस के बीच मशाल रैली के दौरान झड़प



**इंफाल।** मणिपुर में हाल ही में हुए बम विस्फोट में दो बच्चों की मौत होने की घटना के विरोध में इंफाल में प्रदर्शन कर रहे लोगों की मशाल रैली के दौरान सुरक्षा बलों के साथ झड़प हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सात अप्रैल को विष्णुपुर के ट्रोंगलाओबी में हुए बम विस्फोट में दो बच्चों की मौत हो गई थी। इस घटना के विरोध में इंफाल घाटी के जिलों में रोजाना प्रदर्शन हो रहे हैं।

### झड़प की वजह

पुलिस ने बताया कि कर्फ्यू का उल्लंघन करते हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि उन्हें 200 मीटर और, लोक भवन और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्य कार्यालय के पास स्थित केइसमपत क्षेत्र की तरफ जाने की अनुमति दी जाए, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने केइशमथोंग क्षेत्र में आंसू गैस के कई गोले दागे। घाटी के सभी पांच जिलों में शाम पांच बजे से सुबह पांच बजे तक किसी भी व्यक्ति के अपने-अपने घरों से बाहर निकलने पर रोक का आदेश लागू है।

## क्या संविधान उस श्रद्धालु की रक्षा नहीं करेगा जिसे मूर्ति छूने की अनुमति नहीं

**कोर्ट ने सबरीमला के पुजारी से पूछे सवाल**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सबरीमला अयप्पा मंदिर के मुख्य पुजारी से पूछा कि क्या संविधान उस श्रद्धालु की रक्षा नहीं करेगा जिसे मूर्ति छूने की अनुमति नहीं है। शीर्ष न्यायालय की यह टिप्पणी मुख्य पुजारी के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि जब कोई श्रद्धालु पूजा के लिए मंदिर जाता है तो यह किसी देवता की विशेषताओं के विरोध में नहीं हो सकता। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ केरल के सबरीमला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव पर सुनवाई कर रही है।

## तपती गर्मी में 8 राज्यों में होगी बारिश, आंधी का भी अलर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 22 अप्रैल के लिए अलग-अलग राज्यों में बदलते मौसम का अनुमान जताया है। कई हिस्सों में बारिश, आंधी और तेज हवाओं का असर रहेगा। उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ इलाकों में गर्मी और लू की स्थिति बनी रह सकती है। कई



हिस्सों में ऊपरी हवा के चक्रवात सक्रिय हैं, जिनका असर पूर्वी, मध्य और दक्षिण भारत के मौसम पर साफ दिखेगा।

### छग में हल्की बारिश

मध्य भारत में छत्तीसगढ़ और विदर्भ में हल्की बारिश और तेज हवाओं का असर रहेगा, जबकि कुछ जगहों पर ओलावृष्टि की भी संभावना बनी हुई है। पूर्वी भारत की बात करें तो पश्चिम बंगाल, सिक्किम, झारखंड और ओडिशा में 22 अप्रैल को हल्की से मध्यम बारिश के साथ तेज हवाएं चलेंगी। साथ ही, गरज-चमक देखने को मिल सकती है।

**जीर्ण-शीर्ण हो चुकी 248 किताबें सूचीबद्ध, कार्यपरिषद में रखा गया प्रस्ताव**

## 62 वर्षों में पहली बार अपनी किताबें कबाड़ में डालेगा रविवि, 248 पुस्तकें पढ़ने योग्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अलग खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि 62 वर्षों के अपने इतिहास में पहली बार किताबों को कबाड़ में डालेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि ये किताबें क्षतिग्रस्त, जीर्ण-शीर्ण एवं अनुपयोगी हो चुकी हैं। रविवि परिसर में पं. सुन्दरलाल शर्मा ग्रंथागार संचालित है। यहां रविवि अध्ययनशाला ▸▸शेष पेज 4 पर



**केवल डंप**

जो किताबें सूचीबद्ध की गई हैं, उन्हें केवल पृथक करते हुए डंप किया जा रहा है। ना तो इन्हें जलाया जाएगा और ना ही रद्दी में बेचा जाएगा।

- प्रो.राजीव चौधरी
जनसंपर्क अधिकारी, रविवि

### खरीदी गई 68 लाख की किताबें

रविवि ने ग्रंथागार के लिए खरीदी गई पुस्तकों के भुगतान की कार्योत्तर स्वीकृति भी कार्यपरिषद की बैठक में प्रदान की। रविवि परिसर स्थित पुस्तकालय के लिए 68,15,894 रुपए की पुस्तकें खरीदी गई हैं। इनमें से 14,33,579 रुपए की किताबें नई दिल्ली के मेट्रो बुक प्राइवेट लिमिटेड, 14,00,292 रुपए की किताबें नई दिल्ली की आदी बुक्स, 13,89,849 रुपए की किताबें ऋषभ बुक्स नई दिल्ली, 14,00,131 रुपए की किताबें नई दिल्ली की ही इंडिगा पब्लिसर्स से खरीदी गई हैं। शेष 11,92,043 रुपए की किताबें अरविंद प्रकाशन उदयपुर से खरीदी गई हैं।


### सदस्य नियुक्त, लेकिन स्थायी ग्रंथपाल नहीं

पं. सुन्दरलाल शर्मा ग्रंथागार समिति में कार्यपरिषद् की ओर से मनोनित दो सदस्यों प्रो.रोहिणी प्रसाद एवं डॉ.केएन शर्मा का कार्यकाल बीते दिनों समाप्त हो गया है। इनके स्थान पर कार्यपरिषद् सदस्य डॉ.मानस कांति देब और डॉ.आरके ब्रह्मे को नवीन सदस्य के रूप में ▸▸शेष पेज 4 पर




हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
बिलासपुर, बुधवार 22 अप्रैल 2026





# नगर पंचायतों में नई संपत्तियों पर 31 मई तक करें करारोपण, अन्य करों की वसूली तेज करें- साव

## नगरीय निकायों की समीक्षा का समापन, प्रातः भ्रमण में सीएमओ कर रहे हैं कोताही

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रदेश की सभी नगर पंचायतों के सीएमओ को आगामी 31 मई तक नगर पंचायतों की नई संपत्तियों पर करारोपण का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व संग्रहण बढ़ाने संपत्ति कर, जल कर, यूजर चार्ज जैसे करों की वसूली गंभीरता और कड़ाई से करने को कहा। उन्होंने एनर्जी ऑडिट के माध्यम से गैर-जरूरी विद्युत कनेक्शनों की पहचान कर इसके विच्छेदन की कार्यवाही करने, निकाय के सभी कार्मिकों को हर माह समय पर वेतन और बिजली बिल का भुगतान सुनिश्चित करने को भी कहा।

श्री साव की मौजूदगी में प्रदेशभर के नगरीय निकायों की समीक्षा का दौर मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने रायपुर के सिविल लाइन स्थित सर्किट हाउस में दिनभर चली बैठक में सभी नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को बेतरतीब निर्माणों, अवैध प्लाटिंग और अतिक्रमण पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पंचायतों के कार्यों और व्यवस्थाओं में कसावट लाने को कहा। श्री साव ने कहा कि काम में लापरवाही और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जवाबदेही तय कर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सभी सीएमओ को नई सोच और नई कार्य पद्धति से शहरों तथा शहरवासियों के कल्याण के लिए काम करने को कहा। उन्होंने राज्य के उभरते शहरों को सुव्यवस्थित, सुनियोजित, स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ ही नागरिकों के लिए पर्याप्त जन सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पांचों संभागों के विभागीय क्षेत्रीय संयुक्त संचालकों को हर तिमाही में प्रत्येक नगर पालिका और नगर पंचायत का व्यक्तिगत निरीक्षण कर संचालक को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस., संचालक आर. एक्का और राज्य शहरी विकास अभिकरण के सीईओ शशांक पाण्डेय भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे। श्री साव ने जल संरक्षण के लिए विशेष प्रयास करने के लिए निर्देशित करते हुए शत-प्रतिशत भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स का निर्माण कराने को कहा। उन्होंने 31 मई तक बड़े नाला-नालियों और ड्रेनेज की सफाई के काम पूर्ण करने के साथ ही बरसात में जल भराव रोकने जरूरी उपाय करने को कहा। श्री साव ने सभी सीएमओ को मुख्यालय में ही निवास करते हुए प्रतिदिन प्रातः भ्रमण कर शहर की साफ-सफाई और विकास कार्यों की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने भ्रमण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी अपने साथ रखने को कहा। उन्होंने सीएमओ द्वारा प्रातः भ्रमण में की जा रही कोताही पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए रोजाना अनिवार्यतः कार्यों के निरीक्षण के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने वर्षा ऋतु के पहले सभी नाला, नालियों, ड्रेनेज और तालाबों की सफाई करने को कहा। उन्होंने पाइपलाइन्स के लीकेज ठीक करते हुए सभी घरों तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री साव ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण एक साल के भीतर पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि शहर के जरूरतमंदों के लिए पीएम आवास स्वीकृत करना और बनवाना सीएमओ की जिम्मेदारी है। इस पर सक्रियता और गंभीरता से काम करते हुए आवास स्वीकृति के एक सप्ताह के भीतर भवन निर्माण अनुज्ञा जारी करने को कहा। उन्होंने आवास की स्वीकृति के बाद लाभार्थियों को बुलाकर मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान सहित योजना से संबंधित सभी नियमों और प्रक्रियाओं की जानकारी देने को कहा।

### सुशासन तिहार पर दिए निर्देश

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में प्रदेशभर में आगामी 1 मई से शुरू हो रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शहरवासियों को लाभान्वित करने की तैयारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य, मुख्य अभियंता राजेश शर्मा और नगर पंचायतों के अभियंता भी समीक्षा बैठक में उपस्थित थे।

---

**खबर संक्षेप**

### सेरीखेड़ी में ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर दो मृत, एक गंभीर

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में भारी वाहन चालकों के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे सबसे ज्यादा दोपहिया सवार लोगों की मौत हो रही है। सोमवार देर रात सेरीखेड़ी के पास मुख्य मार्ग पर एक ट्रक ने दोपहिया सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी, जिसके कारण दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं तीसरा गंभीर रूप से घायल है। इस घटना के बाद चालक ट्रक वहीं छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ट्रक को जब्ती बनाकर घटना की जांच कर रही है। मंदिर हसौद थाना प्रभारी आशीष यादव ने बताया कि यह दुर्घटना सेरीखेड़ी के पास मुख्य मार्ग पर रात करीब 11.30 से 12 बजे के बीच की है। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। रेत से भरे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों सड़क पर जा गिरे। इस घटना में आनंद यादव एवं राजू यादव की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं मोंटू भोई को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे अस्पताल में दाखिल किया है। दोनों मृतक जिंदल प्लांट के पीछे ओड़िया बस्ती में रहते थे। बताया गया कि तीनों टेंट का काम करते हैं तथा घटना के समय वे तीनों सिब्बल ग्रीन पैलेस में टेंट का काम खत्म करके घर लौट रहे थे।

---

## बारिश से पहले 7 अन्य मोटल को भी शुरू करने की तैयारी

# मई में खुलेंगे पर्यटन विभाग के लीज में दिए 4 पुराने मोटल रायपुर समेत बिलासपुर और कवर्धा में मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



छत्तीसगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न एजेंसियों को लीज पर दिए गए 15 पुराने मोटल्स अब आधुनिक स्वरूप में फिर से शुरू होने जा रहे हैं। मई से राजधानी रायपुर के साथ जांजगीर-चांपा, कवर्धा और बिलासपुर में स्थित इन मोटल्स में पर्यटकों का स्वागत शुरू हो जाएगा। इसके पहले दुर्ग, रायगढ़ और कोरिया में ही मोटल्स शुरू किए गए थे।

निजी एजेंसियों के हाथों में जाने के बाद इन मोटल्स की सुविधाओं को आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया गया है, जहां अब पर्यटकों को स्विमिंग पूल, बार और रेस्टोरेंट जैसी आधुनिक सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकेंगी। इसी कड़ी में रायपुर के माना-तूता क्षेत्र में एक भव्य लग्जरी रिसॉर्ट का शुभारंभ भी मई में होने जा रहा है। बीते तीन वर्षों से निर्माणाधीन यह रिसॉर्ट राजधानी का पहला ऐसा पर्यटन स्थल होगा, जो शहर के भीतर पर्यटकों को सघन हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव कराएगा। पेड़ों के बीच प्राकृतिक परिवेश में तैयार किए गए इस रिसॉर्ट की सबसे बड़ी विशेषता इसका ओपन रेस्टोरेंट और शांत वातावरण है। पर्यटन विभाग के अनुसार, इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से राज्य में ठहरने की सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे स्थानीय पर्यटन को नई गति मिलेगी और बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए छत्तीसगढ़ का सफर और भी सुखद व आरामदायक हो सकेगा।

पर्यटन विभाग ने पहले इन रिसोर्ट को तैयार करने पर करोड़ों रुपए खर्च किए, लेकिन पर्यटकों को यहां आवश्यक फैसिलिटी नहीं दी। इस वजह से पर्यटकों ने भी यहां आना-जाना बंद कर दिया। अब विभाग ने ऐसे रिसोर्ट को 30 साल के लिए लीज पर दिया है। यहां पर्यटकों को बार, स्वीमिंग पूल, स्पोर्ट्स व गेम जोन के अलावा मिनी थिएटर की सुविधाएं दी जा रही। विभाग ने पहले रिसोर्ट का संचालन शुरू करने डेढ़ साल की मोहलत दी थी। इस वर्ष छत्तीसगढ़ के आधे दर्जन जिलों में मोटल की सुविधा बढ़ जाएगी। एजेंसी फैसिलिटी बढ़ाने में जुटी हुई है।

श्रीराम के ननिहाल चंदखुरी माता कौशल्या धाम में लोगों को जल्द ही यहां ठहरने की सुविधा मिलेगी। पर्यटन विभाग राम वन गमन पर्यटन परिपथ परियोजना के तहत यहां लग्जरी कॉटेज तैयार किया गया है, जिसका निर्माण साल भर से अधिक हो गया पूरा हो चुका है। छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति थीम पर रिसॉर्ट का रंग रोगन किया गया है। इसे भी विभाग एजेसी को लीज में देकर संचालन करने की तैयारी में है। तालाब के समीप इस कॉटेज को बनाया गया है, जिसमें लोगों को ठहरने के लिए कमरों की सुविधा मिलेगी।

**ट्री हाउस में ठहरने ऑनलाइन बुकिंग शुरू-** छग में पर्यटन को नई दिशा देने के उद्देश्य से होटल एवं रिसॉर्ट की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा को लगातार विस्तार दिया जा रहा है। इसी कड़ी में छग टूरिज्म बोर्ड द्वारा कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड अंतर्गत घुनघुट्टा में नवनिर्मित कोरिया ट्री हाउस के लिए भी ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी गई है। प्राकृतिक वातावरण के बीच लकड़ी से निर्मित यह ट्री हाउस पर्यटकों को एक अनोखा और यादगार अनुभव प्रदान करेगा। पर्यटन बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्री हाउस के लिए सीजन के आधार पर अलग-अलग दरें निर्धारित की गई हैं।नॉन पीक सीजन 1 अप्रैल से 30 जून के दौरान सप्ताह के सभी दिनों सोमवार से रविवार तक-सिंगल आवास के लिए 2100 रूपए, डबल के लिए 2625 रूपए तथा अतिरिक्त व्यक्ति सहित 3150 रूपए का शुल्क तय किया गया है। वहीं पीक सीजन 1 जुलाई से 31 मार्च में सोमवार से गुरुवार तक सिंगल के लिए 2625 रूपए, डबल के लिए 3150 रूपए तथा अतिरिक्त व्यक्ति सहित 3750 रूपए निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा शुक्रवार, शनिवार और रविवार को सिंगल के लिए 2835 रूपए, डबल के लिए 3360 रूपए तथा अतिरिक्त व्यक्ति सहित 3885 रूपए का किराया लागू होगा। पर्यटकों और युवाओं को आकर्षित करने के लिए यहां प्री-वेडिंग एवं वीडियो शूटिंग की विशेष सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

---

## रायपुर में जल्द बिछेगी नेचुरल गैस पाइप लाइन, हरियाणा की कंपनी अधिकृत



हरिभूमि न्यूज : रायपुर।

राजधानी रायपुर में नेचुरल गैस पाइप लाइन डालने का कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए हरियाणा सिटी गैस कंपनी को पेट्रोलियम मंत्रालय ने अधिकृत किया है। वर्तमान में यह कार्ययोजना शहर में प्रारंभिक दौर में है। संबंधित एजेंसी को शहर में गैस पाइप लाइन डालने से पहले नियम अनुसार नगर निगम से एनओसी लेनी होगी, साथ ही निर्धारित दर अनुसार शुल्क भी जमा करना होगा, ताकि इस कार्य से नागरिकों को शहर में प्राकृतिक गैस लाइन की सुविधा केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप जल्द मिले। इस दौरान किसी भी नागरिक को कोई असुविधा न होने पाए। मंगलवार को निगम आयुक्त विश्वदीप ने इसी सिलसिले में गांधी सदन के सभागार में हरियाणा सिटी एजेंसी के प्रतिनिधि राकेश रंजन और दस जोन के जोन कमिश्नरों के साथ बैठक की। निगम आयुक्त विश्वदीप ने हरियाणा सिटी गैस एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देशित किया है कि वह निगम के संबंधित जोनों के जल और नगर निवेश विभाग के जोन अधिकारियों से तालमेल रखकर शहर में गैस पाइप लाइन डालने का कार्य करे। उन्होंने ये भी कहा कि पेयजल पाइप लाइन किसी भी हालत में क्षतिग्रस्त नहीं होना चाहिए, साथ ही शहर में गैस पाइप लाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सड़कों को तत्काल मरम्मत किया जाना चाहिए, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त ने सभी अभियंताओं को निर्देशित किया कि नेचुरल गैस पाइप लाइन डालने के कार्य दौरान शहर गर्मी के मौसम में नागरिकों असुविधा न हो यह ध्यान रखें।

---

## विधानसभा का विशेष सत्र इस माह के अंतिम सप्ताह में

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

**इस माह के अंत तक विशेष सत्र बुलाया जाएगा**

छत्तीसगढ़ विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाए जाने की तैयारी शुरू हो गई है, जिसमें राज्य सरकार विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने जा रही है। यह प्रस्ताव महिला आरक्षण कानून और परिसीमन से जुड़े 131 वें संवैधानिक संशोधन विधेयक के पारित न हो पाने के विरोध में लाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र 27 अप्रैल को बुलाया गया है।

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु राज्य विधानसभा चुनाव का मतदान की अंतिम तारीख 29 अप्रैल है। अधिकतर मंत्री बंगाल चुनाव प्रचार में जुटे हैं। उनके लौटने के बाद एक-दो दिनों में चर्चा के लिए सत्र की तिथि के बारे में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सरकार की ओर से संसदीय कार्य विभाग की ओर से विधानसभा अध्यक्ष को इस संबंध में प्रस्ताव भेजने की तैयारी है। बताया गया है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का विशेष सत्र अप्रैल के अंत तक बुलाया जा सकता है। विधानसभा सचिवालय के अनुसार अभी तिथि तय नहीं हो पाई है, लेकिन सत्र इसी माह होगा।

---

## सिर्फ 'डर' और 'आशंका' के आधार पर दायर की गई याचिका खारिज

बिलासपुर। बिलासपुर हाईकोर्ट ने एक ऐसी रिट याचिका को सीधे खारिज कर दिया है जो सिर्फ 'डर' और 'आशंका' के आधार पर दायर की गई थी। मामला मंगला इलाके का है, जहां मुरारी लाल गुप्ता ने दावा किया था कि उनकी जमीन पर नगर निगम कभी भी



बुलडोजर चला सकती है। याचिका में उन्होंने कोर्ट से पहले ही संरक्षण मांग लिया लेकिन सुनवाई में बड़ा ट्विस्ट आया। कोर्ट ने साफ कहा अभी तक न कोई नोटिस दिया गया, न कोई आदेश जारी हुआ और न ही कोई वास्तविक कार्रवाई हुई। ऐसे में सिर्फ अंदेशा लगाकर कोर्ट आ जाना सही नहीं है। सरकार और निगम की ओर से भी यही दलील दी गई कि याचिकाकर्ता आराम से अपनी दुकान चला रहा है, किसी ने उसे छेड़ा तक नहीं है। पूरा मामला सिर्फ "हो सकता है" वाले डर पर टिका है। जस्टिस एके प्रसाद की बेंच ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि रिट कोर्ट सिर्फ तब दखल देता है जब कोई असली और तत्काल खतरा हो। सिर्फ मौखिक बातें या अधिकारियों के दौरे, कानूनी कार्रवाई नहीं माने जाएंगे। इतना ही नहीं, कोर्ट ने पहले दिया गया स्टे भी हटा दिया और साफ कहा कि यह याचिका समय से पहले और बिना ठोस आधार के दायर की गई थी, इसलिए इसे खारिज किया जाता है। साथ ही कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर भविष्य में सच में कोई कार्रवाई होती है, तो वह पूरी कानूनी प्रक्रिया के तहत ही होगी।

---

# प्री-मानसून मेंटेनेंस, 7 को प्रभावित रहेगी मुंबई-रायपुर की फ्लाइट


हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

बारिश के पहले 7 मई को मुंबई एयरपोर्ट पर आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसकी वजह से सुबह 11 से शाम 5 बजे तक वहां फ्लाइट का संचालन नहीं होगा। इससे मुंबई-रायपुर के बीच चलने वाले दो फ्लाइट प्रभावित होने की संभावना है। एक मई से दोनों शहरों के बीच चौथी नियमित फ्लाइट उड़ान भरने वाली है।



मानसून के दौरान रनवे पर विमान सुरक्षित तरीके से लैंड और टेकऑफ हो सके, इसके लिए आवश्यक मरम्मत की आवश्यकता होती है। प्री-मानसून मेंटेनेंस के लिए मुंबई एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा 7 मई की तारीख तय की गई है। सूत्रों के अनुसार सुबह 11 से शाम 5 बजे यानी छह घंटे दोनों रनवे फ्लाइट ऑपरेशन के लिए बंद रहेगा। इस दौरान वहां ना कोई फ्लाइट आ सकेगी और ना उड़ान भर सकेगी। इससे मुंबई से विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाले विमान पर असर पड़ने की संभावना है। इससे मुंबई रायपुर के बीच उड़ान भरने वाली दो फ्लाइट पर असर पड़ने के आसार हैं। वर्तमान में मुंबई-रायपुर के बीच नियमित रूप से तीन सीधी फ्लाइट आवाजाही करती है। एक मई से दोनों शहरों के बीच चौथी फ्लाइट का संचालन शुरू होने वाला है। ट्रैवहल्स सूत्रों कहना है कि फिलहाल एयरलाइंस कंपनी द्वारा किसी फ्लाइट के केंसिल होने की सूचना नहीं दी है। आने वाले दिनों में इस तरह के अपडेट आ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक मुंबई एयरपोर्ट से रोजाना करीब 900 फ्लाइट संचालित होती है, जिसमें से सुबह 11 से शाम 5 बजे के बीच ढाई सौ फ्लाइटों का ऑपरेशन होता है।



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

दस्तावेजों का खुलासा, किया-धरा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड का, शिकायत के बाद रोका भुगतान

# ग्रामोद्योग की करनी, विभाग की भरनी...खादी बोर्ड की साड़ियों का 'दाग' धोने में जुटा महिला एवं बाल विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में साड़ी खरीदी सुर्खियों में है। 1 लाख 94 हजार 590 नग साड़ियों की खरीदी में जमकर गोलमाल हुआ। साड़ियां साइज में छोटी सप्लाई की गईं और उनका रंग भी पहली धुलाई में उड़ गया। साड़ी खरीदी खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने की। आपूर्ति से पहले जो मानक तय किए गए उनका पालन नहीं किया गया। विवाद और हंगामा होने के बाद सवाल महिला एवं बाल विकास विभाग पर उठे, लेकिन विभागीय पत्रों ने पूरे मामले की सच्चाई बयां कर दी। विभाग द्वारा लिखे गए पत्र बताते हैं कि खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की दिलचस्पी सप्लायरों को भुगतान करने में ज्यादा रही। वहीं महिला एवं बाल विकास ने जांच के लिए समिति गठित की और रिपोर्ट मिलने के बाद भुगतान पर रोक लगा दी। हरिभूमि को मिले पत्र बताते हैं कि करतूत खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की थी, खरीदी में नियमों का पालन नहीं किया गया। हंगामा होने के बाद भी सप्लायरों को पूर्ण भुगतान के लिए लगातार पत्र लिखे गए। वहीं, शिकायत ▶▶|शेष पेज 4 पर

### विभाग ने खादी बोर्ड को लिखा, संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही करें और साड़ियां बदलें



### विभाग ने कहा-जिम्मेदारों पर एक्शन हो और साड़ी बदली जाएं

13 अप्रैल को संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग, डा. रेणुका श्रीवास्तव ने बोर्ड के प्रबंध संचालक को पत्र लिखा। जिसमें कहा गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को साड़ी प्रदाय करने की जिम्मेदारी बोर्ड को दी गई थी। संचालनालय स्तर पर कराई गई जाच में गड़बड़ी की पुष्टि हुई है। इसकी वजह से विभाग की छवि खराब हो रही है। बोर्ड तत्काल जिम्मेदारों और संबंधितों के विरुद्ध उचित कार्यवाही करे और खराब साड़ियों को तत्काल बदले।

### पूर्ण भुगतान चाहता था बोर्ड विभाग ने रोक लगाई

10 मार्च को खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के उप संचालक को लिखे पत्र क्रमांक 17915 में महिला एवं बाल विकास ने भुगतान को लेकर कड़ी आपत्ति जताई। उसमें लिख कि बोर्ड ने पत्र लिखकर शेष राशि के भुगतान का आग्रह किया है। लेकिन जिलों से आई रिपोर्ट के बाद आगामी भुगतान पर रोक लगाई जाती है। पत्र से स्पष्ट है कि खरीदी विवादों में आने और जांच में गड़बड़ी होने के बाद भी खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड जल्द से जल्द सप्लायरों को भुगतान कराना चाहता था। 7 करोड़ 29 लाख 71 हजार 250 रुपए का भुगतान किया जा चुका था। 25 फीसदी भुगतान करने के लिए बोर्ड ने पत्र लिखे। लेकिन जांच समिति की रिपोर्ट के बाद विभाग ने स्पष्ट आदेश दिया गया कि सप्लायर को दिया जाने वाला शेष 25 प्रतिशत भुगतान रोक दिया जाए। पत्र के बाद बची हुई 2 करोड़ 43 लाख रुपए की राशि पर तत्काल रोक लगा दी गई।

### जांच का दायरा बढ़ा, बड़ी कमेटी बनी

06 अप्रैल 2026 को, डा. रेणुका श्रीवास्तव, संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग ने 6 सदस्यीय समिति का गठन किया। पत्र में लिखा गया कि दुर्ग, धमतरी, कबीरधाम और रायगढ़ में प्रदाय की गईं साड़ी की जांच के लिए संचालनालय स्तर पर कमेटी बनाई गई।इसमें दिलदाल सिंह मरावी, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास को बनाया गया। साथ ही भंडार, वित्त जैसी शाखाओं से जुड़े अफसरों को जांच समिति में शामिल किया गया। स्पष्ट निर्देश दिए गए कि साड़ियों की गुणवत्ता और आकार संबंधी जांच बारीकी से की जाए।

आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹103903/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹126900/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹138523/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
ANAND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

इस्लामाबाद वार्ता 2.0 से पहले ट्रंप ने की ईरान की तारीफ, फिर दी चेतावनी

# पहले कहा-जल्द होगी डील, फिर बोले-ईरान वार्ता आगे नहीं बढ़ी तो 'बमबारी' मुमकिन

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन/तेहरान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इस्लामाबाद वार्ता 2.0 को लेकर यूएस और ईरान के बीच सबकुछ सकारात्मक होने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि तेहरान के साथ जल्द ही हमारी बड़ी डील होगी। उन्होंने ईरान के लोगों की तारीफ की। हालांकि, ट्रंप ने तारीफ के तुरंत बाद ही ईरान को धमकी भी दे डाली। उन्होंने कहा कि अगर ईरान हमारे साथ कोई समझौता साइन नहीं करता है, तो वहां फिर से बमबारी शुरू हो सकती है।

अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम समाप्त होने वाला है। दोनों पक्ष अपने-अपने रुख पर अड़े हुए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर युद्धविराम की समयसीमा से पहले कोई समझौता नहीं हुआ, तो बम गिरने शुरू हो जाएंगे। ट्रंप ने दावा किया कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर अमेरिका का पूरा कंट्रोल है। अमेरिका इस वक्त बेहद मजबूत स्थिति में है और ईरान के साथ एक बेहतर समझौते की संभावना बनी हुई है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के पास ऑप्शन नहीं हैं और उसे समझौता करना ही होगा। एक इंटरव्यू में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि पिछले 47 सालों में हम समझौता करने की बेहद मजबूत स्थिति में थे, जो अन्य राष्ट्रपतियों को करना चाहिए था, लेकिन अब मुझे उसे पूरा करने का मौका मिला है।




### अमेरिका-ईरान शांति वार्ता अनिश्चित

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का दूसरा दौर अब अनिश्चित हो गया है। ऐसा इसलिए हुआ है, क्योंकि ईरानी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि अमेरिका की ओर से ईरान के झंडे वाले एक जहाज को जब्त किए जाने के बाद वे इस बातचीत में शामिल नहीं हो सकते हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकाई ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अब तक, हमने बातचीत के अगले दौर के बारे में कोई फैसला नहीं किया है।

### इधर, पाक ने बढ़ाया एयरस्पेस पर बैन

पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र में भारतीय विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को मंगलवार को 24 मई तक के लिए बढ़ा दिया। पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद, भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के विमानों के लिए अपने-अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए थे। पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र 24 अप्रैल, 2025 से भारतीय विमानों के लिए बंद है। भारतीय-पंजीकृत, पट्टे पर लिए गए, वाणिज्यिक और सैन्य विमानों को 24 मई, 2026 को सुबह पांच बजे तक पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

### ट्रंप टैरिफ का सबसे बड़ा रिफंड शुरू

अमेरिका ने 20 अप्रैल से लिए गए जवाबी शुल्क की वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। भारतीय निर्यातकों को इसके लिए अमेरिकी खरीदारों के साथ सक्रिय रूप से संपर्क करना चाहिए। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने मंगलवार को यह बात कही। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि यह संपर्क महत्वपूर्ण होगा क्योंकि शुल्क वापसी (रिफंड) की राशि केवल अमेरिकी आयातकों को जाती है और निर्यातकों को इस पर कोई कानूनी अधिकार नहीं होता। भारतीय निर्यातकों के पास इसके लिए का दावा करने का कोई सीधा कानूनी रास्ता नहीं होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि दो अप्रैल 2025 से लगाए गए अमेरिकी शुल्क ने कई भारतीय उत्पादों के निर्यात को प्रभावित किया। कुल शुल्क वापसी की राशि करीब 166 अरब डॉलर है, जिसमें से करीब 12 अरब डॉलर भारतीय वस्तुओं से संबंधित हैं।

समस्याओं का तय समय में करना होगा निराकरण

# छत्तीसगढ़ में सीएम हेल्पलाइन नंबर, अब एक कॉल पर समाधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जल्द सीएम हेल्पलाइन नंबर शुरू होने जा रहा है। 24 घंटे सक्रिय रहने वाले इस हेल्पलाइन नंबर पर राज्य का कोई भी व्यक्ति समस्या बता सकेगा या फिर शिकायत कर सकेगा। अफसरों को इन समस्याओं का तय सीमा में निराकरण करना होगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह जानकारी जशपुर के लिए रवाना होने से पहले संवाददाताओं से चर्चा में दी। उन्होंने बताया की सीएम हेल्पलाइन नंबर पर आने वाली शिकायतों या फिर समस्याओं के निराकरण के लिए समय निर्धारित होगा। अगर तय समय पर शिकायत या समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई होगी।


### पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनेगी

वहीं पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर विष्णुदेव साय ने कहा, टीएमसी और ममता बनर्जी को लेकर वहां के लोगों में काफी आक्रोश है। मैंने भी पश्चिम बंगाल का दौरा किया है। लोग बदलाव लाना चाहते हैं, भाजपा की सरकार वहां जरूर बनेगी।

## खबर संक्षेप

### मणिपुर में 5.2 तीव्रता का आया भूकंप

**इंफाल/शिलांग।** मणिपुर में मंगलवार सुबह 5.2 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप सुबह 5.59 बजे आया और इसका केंद्र कामजोंग जिले में था। उन्होंने बताया कि पड़ोसी जिले उखरुल और राज्य की राजधानी इंफाल के साथ-साथ मेघालय में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।



### महिला बच्चों के साथ कुएं में कूदी, तीनों की मौत

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर जिले में पारिवारिक विवाद के बाद 25 वर्षीय एक महिला कथित तौर पर अपने दो नाबालिग बच्चों के साथ कुएं में कूद गई, जिससे उनकी मौत हो गई। यह घटना रविवार की आधी रात के आसपास औसा तहसील के खरोसा गांव में हुई। निकिता अमरदीप भूरे नाम की महिला अपने बच्चों शिवानी (पांच) और शिवांश (तीन) के साथ अपने घर के पास स्थित एक कुएं में कूद गई। सोमवार सुबह कुछ ग्रामीणों ने कुएं में महिला का शव तैरता हुआ देखा।

### राज्यसभा के पूर्व सदस्य पाटिल का निधन

**मुंबई।** राज्यसभा के पूर्व सदस्य और प्रख्यात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. गोपालराव पाटिल का मंगलवार सुबह यहां निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे। पाटिल ने यहां एक निजी अस्पताल में सुबह 7.12 बजे अंतिम सांस ली। वह 1994 से 2000 के बीच भाजपा से राज्यसभा सदस्य थे। वाणिज्य, विदेश मामलों और रेलवे पर प्रमुख संसदीय समितियों में योगदान दिया।



### सेना के जवान ने गोली मारकर की खुदकुशी

**झांसी।** झांसी जिले के बबीना छावनी में तैनात सेना के एक जवान ने ड्यूटी के दौरान अपनी सर्विस राइफल से गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक फिलहाल यह पता नहीं चल सका है कि जवान ने यह कदम क्यों उठाया और मामले की जांच कर रही है। बबीना छावनी में सेना सुरक्षा कोर में नायक के पद पर तैनात ग्वालियर निवासी कोमल सिंह (50) ने ड्यूटी पर तैनाती के दौरान स्वयं के सिर में अपनी इंसास राइफल से कथित तौर पर गोली मार ली।

टर्नस 1 सितंबर से संभालेंगे पदभार

# 15 साल बाद बदल रहा एप्पल का सीईओ, कुक की जगह जॉन टर्नस संभालेंगे कमान



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी एप्पल ने आखिरकार अपने नए सीईओ के नाम का खुलासा कर ही दिया। बीते 4-5 साल से यह खबर उड़ती रहती है कि एप्पल टिम कुक की जगह नया सीईओ बना रही है। लेकिन, इन अफवाहों के बीच कुक ने अपने 15 साल बतौर सीईओ पूरे भी कर लिए और अब जाकर कंपनी ने जॉन टर्नस को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी सीईओ चुन लिया है। टिम कुक लगातार 15 साल तक एप्पल के सीईओ रहे, जो कंपनी के किसी भी अन्य सीईओ के मुकाबले सबसे ज्यादा अवधि है। अब 1 सितंबर, 2026 से उनकी जगह जॉन संभालेंगे।

### डिजाइन और क्वालिटी निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका

जॉन टर्नस फिलहाल एप्पल के हार्डवेयर इंजीनियरिंग विभाग के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हैं। यह वही व भिाग है, जो एप्पल आईफोन से लेकर तमाम प्रोडक ट की डिजाइन और क वालिटी निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका निभाता है। खुद टिम कुक ने उनकी तारीफ करते हुए कहा है कि जॉन दिमाग से इंजीनियर और आत मा से इनोवेटर हैं। इसका मतलब है कि उनका स वभाव ही कुछ नया खोजने और करने का है। उनकी अगुवाई में ही एप्पल की इंजीनियरिंग इतनी शानदार हो गई है, जिसे आज दुनिया की कोई टेक कंपनी टक्कर नहीं दे पाती है।

### डेड स्टार्टअप से शुरू किया था करियर

जॉन टर्नस ने साल 1997 में यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिलवेनिया से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की और लगभग खत म हो चुके एक स टार्टअप वर्चुअल रिसर्च सिस टम में बतौर मैकेनिकल इंजीनियर अपना करियर शुरू किया। इस स टार्टटप के लिए भी टर्नस ने वर्चुअल रियलिटी हेडसेट डिजाइन किए। इससे पहले पढ़ाई के दौरान ही उन होंने सिर के मूवमेंट से चलने वाला मैकेनिकल फीडिंग ऑर्म डिजाइन किया, जो शुरुआत से ही उनके प्रैक्टिकल अप्रोच को दिखाता है।

केरल और महाराष्ट्र में बड़ा हादसा

# पटाखे की आग में खाक हुईं 15 जिंदगियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/ त्रिशूर

केरल और महाराष्ट्र के पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 15 लोगों की मौत हो गई। केरल के त्रिशूर में पटाखा बनाने वाली फैक्ट्री में मंगलवार को भीषण विस्फोट हुआ। इस घटना की चपेट में आने से 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, हादसे के समय शेड में करीब 40 लोग मौजूद थे, जिनमें से कई गंभीर रूप से झुलस गए हैं। मुण्डाथिकोड इलाके में यह दुर्घटना उस समय हुई जब आगामी त्रिशूर पूरम के लिए एक मंदिर देवस्वम की ओर से पटाखे तैयार किए जा रहे थे।



### पालघर में दो की मौत, चार घायल

महाराष्ट्र के पालघर जिले में मंगलवार को पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान भवेश दिलीप वावरे (35) और मोनिका सचिन पडवाले (30) के रूप में हुई है। वाडा तालुका के कोंसाई गांव में एक पुराने फार्महाउस में टिन के शेड में पटाखा निर्माण इकाई में दोपहर करीब 12 बजे विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि उस समय लगभग 35 श्रमिक पटाखे बनाने में लगे हुए थे। इनमें ज्यादातर महिलाएं थीं।



बिना उचित जांच व सुनवाई के ही बर्खास्तगी कर दी गई, जो निंदनीय

# हाईकोर्ट ने 8 कर्मियों की सेवा समाप्ति को ठहराया अवैध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में सरकारी कर्मचारियों से जुड़ा एक अहम मामला सामने आया है, जिसमें हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के फैसले को सख्ती से खारिज कर दिया है। बता दें बिलासपुर हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ काउंसिल आफ साइंस एंड टैक्नालाजी के 8 कर्मचारियों की सेवा समाप्ति को अवैध ठहराते हुए राज्य सरकार के आदेश को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि अधिकारियों ने "प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों" का पालन नहीं किया और बिना उचित जांच व ▶▶|शेष पेज 4 पर

### यह है पूरा मामला

इन कर्मचारियों की नियुक्ति वर्ष 2012 में चतुर्थ श्रेणी पद पर हुई थी। प्रोबेशन पूरा होने के बाद भी नियमितीकरण नहीं हुआ, तो उन्होंने अभ्यावेदन दिया। इसके बाद वेतन में कटौती कर दी गई, जिसे पहले ही हाईकोर्ट अवैध ठहरा चुका था। कोर्ट के निर्देश के बावजूद राज्य सरकार ने नियमितीकरण पर निर्णय लेने के बजाय नियुक्ति प्रक्रिया को त्रुटिपूर्ण बताते हुए 2020 में सभी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया।

न आग लगी और न किसी तरह का रेस्क्यू, फिर भी फायर ब्रिगेड ने झोंकी ताकत

# अफसर का तोता पेड़ की चोटी पर जा बैठा, उतारने के लिए पानी की बौछार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नारायणपुर

अलग खबर

ओबीसी ब्वायज हास्टल के पास रविवार को दिन के करीब 11 बजे फायर ब्रिगेड से पानी की बौछार एक उंचे पेड़ पर की जा रही थी। न तो यहां कोई रेस्क्यू हो रहा था न किसी तरह का पानी का प्रेशर चेक किया जा रहा था। असल में मामला एक तोते का था, जो पिंजरे से उड़कर कहीं चला गया था। ढूंढने पर पता चला कि वह एक उंचे पेड़ पर बैठा हुआ है। अफसर का तोता था इसलिए उसे पकड़ने के लिए फायर ब्रिगेड का इस्तेमाल किया गया और विभाग का सारा अमला उसमें जुट गया। हरिभूमि को मिली जानकारी के अनुसार जिला सेनानी पशु पक्षियों को पालने के शौकीन हैं। यह तोता भी उनका बताया जा रहा है। लेकिन उन्होंने इससे साफ इनकार किया है। बहरहाल पद और संसाधन का विशेषकर बस्तर में किस तरह का दुरुपयोग होता है, इसकी जमकर चर्चा हो रही है। बहरहाल घंटों तक पेड़ पर पानी की बौछार करना और तोते का एक भवन की छत पर गिरना। उसे विभाग के कर्मचारी के द्वारा पकड़कर ले जाना ▶▶|शेष पेज 4 पर





### तोता के बारे में पता नहीं, डेमो के लिए गए थे: जिला सेनानी

जिला सेनानी मनोहर लाल चौहान ने मीडिया से चर्चा में कहा कि तोता के बारे में मुझे कुछ पता नहीं है। हम लोग आदेश्वर स्कूल में डेमो के लिए गए थे, उस दिन गाड़ी का प्रेशर पाइप फट गया था। स्कूल बंद होने के कारण डेमो नहीं दिखा पाए। प्रेशर कितना दूर तक जाता है ,उसका हम टेस्ट कर रहे थे। हमेशा सभी वाहनों का रूटीन चेकअप करते रहते हैं, गर्मी का सीजन है। पेड़ से क्या गिरा और किसका तोता था इसकी जानकारी नहीं है। फायर ब्रिगेड से पेड़ पर पानी डालने और अधिकारी चौहान का वीडियो वायरल होने के बाद जिले के अलावा समूचे बस्तर में यह चर्चा का विषय बन गया है।

## चिंतन

# सुरक्षा के लिए संतुलित रणनीति बेहद जरूरी

पहलगाम हमले की पहली बरसी केवल एक दर्दनाक स्मृति नहीं, बल्कि सुरक्षा नीति की गंभीर परीक्षा भी है। 22 अप्रैल 2025 को बैसरन घाटी में हुई आतंकी वारदात ने देश को झकझोर दिया था। एक साल बाद हालात अपेक्षाकृत शांत हैं, लेकिन असली चुनौती इस शांति को स्थायी सुरक्षा और सामान्य जीवन में बदलने की है। इस हमले को एक साल बीत चुका है। इस अवधि में एक-दो वारदात को छोड़ दें तो घाटी शांत ही रही है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि उन इलाकों को भी खोल दिया जाए जो पहलगाम हमले के बाद बंद किए गए थे। चूंकि ये लोगों की आजीविका का जरिया हैं। बदलते कश्मीर में अब लोगों में मुख्यधारा से जुड़ने की ललक है। ऐसे में सरकार और खुफिया एजेंसियों को भी चाहिए कि वे लोगों को सुरक्षित महसूस करवाएं। बलों की तैनाती इस तरह से हो कि गलत मंसूबे लेकर आने वाले हमले जैसी वारदातों की हिमाकत न करें। अब जरूरी है कि सरकार सुरक्षा और शांति के लिए एक संतुलित रणनीति बनाए। केवल जम्मू-कश्मीर ही नहीं, देश के अन्य भागों में भी व्यापक सतर्कता जरूरी है। सुरक्षा किसी भी संवेदनशील क्षेत्र की पहली जरूरत होती है, खासकर जम्मू-कश्मीर जैसे इलाके में। बीते एक साल में सुरक्षा एजेंसियों और सेना ने सतर्कता बनाए रखते हुए बड़े हमलों को रोकने में सफलता पाई है। यह दिखाता है कि मजबूत सुरक्षा तंत्र ही शांति की बुनियाद बन सकता है। यह भी उतना ही जरूरी है कि सुरक्षा के नाम पर आम नागरिकों के जीवन और रोजगार पर अनावश्यक प्रतिबंध न लगे। बैसरन घाटी जैसे इलाकों का लंबे समय तक बंद रहना स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सीधा असर डाल रहा है। पर्यटकों की संख्या पहले ही 30-40% तक घट चुकी है, जिससे लोगों में नाराजगी स्वाभाविक है। ऐसे में जरूरी है कि सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए चरणबद्ध तरीके से इन क्षेत्रों को फिर से खोला जाए। संतुलित रणनीति का मतलब यही है कि सुरक्षा "दिखे भी" और "भरोसा भी दे"। इसके लिए आधुनिक तकनीक, खुफिया तंत्र की मजबूती, स्थानीय लोगों की भागीदारी और सीमित, लेकिन प्रभावी बल तैनाती जरूरी है। ऐसा माहौल बनाना होगा, जिसमें पर्यटक बिना डर के आएं और स्थानीय लोग खुद को सुरक्षित महसूस करें। देश के अन्य हिस्सों में भी सुरक्षा को लेकर लापरवाही की गुंजाइश नहीं है। हाल ही में राजस्थान की एक रिफाइनरी में लगी आग की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। यदि इसमें किसी साजिश के संकेत मिलते हैं, तो यह साफ है कि खतरे का दायरा व्यापक है। और यदि यह हादसा है, तब भी सुरक्षा मानकों की समीक्षा जरूरी हो जाती है। किसी भी रूप में देश को नुकसान पहुंचाने वाली घटनाएं सुरक्षा तंत्र के लिए चेतावनी हैं। आतंकवाद के खिलाफ सख्ती जरूरी है, लेकिन इसका उद्देश्य केवल खतरे को खत्म करना नहीं, बल्कि सामान्य जीवन को बहाल करना भी होना चाहिए। जिस तरह नक्सलवाद के खिलाफ रणनीतिक और बहुआयामी प्रयास किए गए, उसी तरह आतंक के खिलाफ भी सुरक्षा, विकास और विश्वास तीनों को साथ लेकर चलना होगा। भारतीय सेना का संदेश "भारत कुछ नहीं भूला" यह स्पष्ट करता है कि सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं होगा। पहलगाम की यह बरसी याद दिलाती है कि मजबूत सुरक्षा और सामान्य जीवन एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। सही रणनीति वही होगी, जो दोनों को साथ लेकर चले, तभी देश सुरक्षित भी होगा और सच में सामान्य भी।

# भारत में क्यों जरूरी है परिसीमन



मुद्दा
मनीष कुमार चौधरी

> भले ही संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित नहीं हो पाया, परंतु परिसीमन से जुड़े मुद्दों की प्रासंगिकता अब भी बरकरार है। भारत का लोकतंत्र विशाल आकार और विविधता के लिए जाना जाता रहा है। फिर भी प्रतिनिधित्व की मूल संरचना दशकों से काफी हद तक स्थिर बनी हुई है। लोकसभा का आगामी परिसीमन, उस संतुलन को गहरे स्तर पर बदलने की क्षमता रखता है। परिसीमन तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया ही है और अपने मूल रूप में परिसीमन का उद्देश्य राजनीतिक प्रतिनिधित्व को जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना है। दशकों से भारत सीटों की एक निर्धारित संख्या के साथ ही काम करता रहा है, जबकि इस दौरान उसकी जनसंख्या में भारी वृद्धि हुई है।

महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण व लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 करने और 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन के लिए केंद्र सरकार की ओर से लाया गया संविधान (131वां) संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित नहीं हो पाया। भले ही विधेयक पारित न हो पाया हो, परंतु परिसीमन से जुड़े मुद्दों की प्रासंगिकता अब भी बरकरार है। भारत का लोकतंत्र विशाल आकार और विविधता के लिए जाना जाता रहा है। फिर भी प्रतिनिधित्व की मूल संरचना दशकों से काफी हद तक स्थिर बनी हुई है। लोकसभा का आगामी परिसीमन, जिसके 2029 के आम चुनावों को आकार देने की उम्मीद है, उस संतुलन को गहरे स्तर पर बदलने की क्षमता रखता है। यूं देखा जाए तो परिसीमन एक तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया ही है और अपने मूल रूप में परिसीमन का उद्देश्य राजनीतिक प्रतिनिधित्व को जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना है। दशकों से भारत सीटों की एक निर्धारित संख्या के साथ ही काम करता रहा है, जबकि इस दौरान उसकी जनसंख्या में भारी वृद्धि हुई है।

संवैधानिक रूप से प्रत्येक दशक के बाद जनसंख्या जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्वितरण अनिवार्य था। पुनर्वितरण अंतिम बार 1971 की जनगणना के बाद ही किया गया था। देश में जनसंख्या नियंत्रण उपायों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार सरकारों ने सीटों के पुनर्वितरण को रोक दिया। वर्ष 2000 के दशक की शुरुआत में प्रत्येक राज्य के भीतर जनसंख्या को सामान्य करने के लिए निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से तैयार किया गया था, लेकिन इस अभ्यास ने प्रत्येक राज्य को आवंटित निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया। 1971 के बाद से भारत की जनसंख्या में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। लेकिन यह वृद्धि पूरे देश में समान रूप से नहीं हुई है। असमान वृद्धि इसलिए हुई, क्योंकि दक्षिणी राज्य अपनी प्रजनन दर को तेजी से नीचे लाने में सक्षम रहे। उत्तरी राज्यों का जनसंख्या हिस्सा 43 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि दक्षिणी राज्यों का हिस्सा 1971 और 2026 के बीच 25 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत हो गया है। इससे यह आशंका उठ खड़ी हुई है कि पूरी तरह से जनसंख्या के आधार पर संसद की सीटों का पुनर्वितरण करने से दक्षिणी राज्य संसद में अपनी सीटों का हिस्सा खो देंगे, जबकि यह तकनीकी रूप से देशभर में प्रतिनिधित्व को निष्पक्ष बना देगा, खासकर कम प्रतिनिधित्व वाले उत्तरी राज्यों के लिए। उदाहरण के लिए, केरल का एक सांसद लगभग 18 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं राजस्थान का सांसद करीब 33 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। दक्षिणी राजनीतिक दलों की चिंता इसी को लेकर है। उन्हें डर है कि इससे उत्तरी राज्यों को अधिक शक्ति मिलेगी, जो न केवल भारतीय जनता पार्टी के गढ़ हैं, बल्कि हिंदी-बेल्ट या हिंदी भाषी क्षेत्र के रूप में भी लोकप्रिय हैं। उनका मानना है कि पुनः आवंटन योजना से उन्हें अच्छी नीतियों और शासन के लिए दंडित किया जाएगा, जबकि उत्तरी राज्यों को पुरस्कृत किया जाएगा, जहां जनसंख्या वृद्धि काफी हद तक अनियंत्रित रही है। वर्ष 1952 में जब देश में पहली बार लोकसभा चुनाव हुए, तब संसद में 489



सीटें थीं और आबादी थी करीब 36 करोड़। आज आबादी 140 करोड़ पार कर चुकी है, लेकिन पिछले 50 साल से सीटें 543 पर जमी हैं। इसका एक स्वाभाविक परिणाम सामने आया है- सीमित सीटों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा। इसका लाभ उन लोगों को मिलता है जिनके पास पहले से ही राजनीतिक पूंजी मौजूद है, जैसे नाम की पहचान, सांगठनिक समर्थन या वंशानुगत पृष्ठभूमि। सीटों की संख्या में विस्तार केवल सीटों की संख्या नहीं बढ़ाता, बल्कि यह चुनावी क्षेत्र में प्रवेश की बाधाओं को भी कम करता है। एक विशाल संसद उन नए चेहरों के लिए जगह बनाती है, जो अन्यथा हाशिए पर ही रह जाते। भारतीय राजनीति में समय के साथ स्थिरता के कुछ क्षेत्र बन गए हैं, ऐसे निर्वाचन क्षेत्र कुछ खास व्यक्तियों, परिवारों या पार्टियों के लिए 'सुरक्षित सीटों' के तौर पर काम करते हैं। परिसीमन इस जड़ व्यवस्था पर चोट करता है। जब सीमाएं बदलती हैं, तो मतदाताओं की बनावट भी बदल जाती है।

कोई ऐसा निर्वाचन क्षेत्र, जो कभी किसी खास जातिगत समीकरण, सामुदायिक जुड़ाव या राजनीतिक नैरेटिव के पक्ष में रहा हो, हो सकता है कि अब वैसा न रहे। देश तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है। वर्ष 2029 तक भारत के मतदाताओं की बनावट आज या कुछ बरस पहले से काफी अलग होगी। जैसे-जैसे शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में नए निर्वाचन क्षेत्र उभरेंगे, उनके भीतर चुनावी प्रतिस्पर्धा का स्वरूप भी बदलेगा। जब मुकाबले का ढांचा बदलता है, तो पार्टियों को भी उसके हिसाब से ढलना पड़ता है, वरना उनके अप्रासंगिक हो जाने का खतरा रहता है।

इस तरह का बदलाव सिर्फ ऊपरी तौर पर नहीं होता। प्रतिनिधित्व में आया पीढ़ीगत बदलाव स्वाभाविक रूप से राजनीतिक विमर्श में भी बदलाव लाता है। जैसे-जैसे संसद में उनकी मौजूदगी बढ़ती जाएगी, राजनीतिक बहसों का समग्र स्वरूप भी बदल सकता है। इस तरह परिसीमन के आधार पर गठित 2029 की संसद भारत के भविष्य को लेकर एक ज्यादा जटिल और प्रगतिशील संवाद को दर्शा सकती है। हमें यह समझना भी बेहद जरूरी है कि परिसीमन कोई आसान सुधार नहीं है। इसके साथ कई किंतु-परंतु और राजनीतिक डर व आशंकाएं जुड़ी हैं। जो राज्य जनसंख्या वृद्धि को स्थिर करने में सफल रहे हैं, उन्हें अब राजनीतिक रूप से हाशिए पर जाने का डर है, जबकि तेजी से जनसंख्या बढ़ने वाले राज्य यह तर्क देते हैं कि प्रतिनिधित्व को वर्तमान वास्तविकताओं को दर्शाना चाहिए। राज्यों के बीच एक नैतिक मुकाबला मानने से एक संरचनात्मक संवैधानिक मुद्दे को राजनीतिक शिकायत में बदलने का जोखिम है। संसदीय सीटों का पूरी तरह से जनसंख्या-आधारित पुनर्वितरण संख्यात्मक समानता को संतुष्ट कर सकता है, लेकिन यह संघीय संतुलन को भी बिगाड़ सकता है। चुनौती यह नहीं है कि परिसीमन होना चाहिए या नहीं, बल्कि इसके गुणावगुण प्रभावों का संतुलन कैसे साधा जाए, इस बात का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। भारत के इतिहास में परिसीमन को इसकी राजनीतिक संवेदनशीलता के कारण बार-बार टाला गया है। इस तरह के सुधार को आगे बढ़ाने के लिए ऐसी राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होती है जो तात्कालिक चुनावी हितों से कहीं आगे की सोच रखती हो। परिसीमन को केवल नक्शों को फिर से बनाने की प्रक्रिया के रूप में देखना इसके व्यापक महत्व को नजरअंदाज करना होगा। असल में यह लोकतांत्रिक चुनावी मैदान का एक पुनर्समायोजन है। लोकतंत्र सिर्फ गणित नहीं होता। जब मतदाता वर्ग स्वयं बदल रहा हो, तो उसके साथ कदम मिलाकर चलने के लिए प्रतिनिधित्व को भी विकसित होना पड़ता है।

(लेखक स्वतंत्रत पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व पृथ्वी दिवस

रोहित कौशिक



# हमारी समझदारी से ही बच सकेगी पृथ्वी

एक नए अध्ययन में बताया गया है कि महासागरों के तेजी से गर्म होने के कारण मौसम के चक्र में बदलाव का अनुमान है। वर्तमान में हिंद महासागर और इसके आसपास के देश वैश्विक स्तर पर प्राकृतिक आपदाओं के सबसे अधिक खतरे वाले क्षेत्र के रूप में उभरे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आज पृथ्वी को बचाने के लिए भाषणबाजी तो बहुत होती है, लेकिन धरातल पर काम नहीं हो पाता है। यही कारण है कि पर्यावरण की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। इस दौर में जिस तरह से मौसम का चक्र बिगड़ रहा है, वह हम सबके साथ-साथ समाज के उस वर्ग के लिए भी चिन्ता का विषय है जो ग्लोबल वार्मिंग पर चर्चा करने को एक फैशन मानने लगा था। दरअसल इन दिनों सम्पूर्ण विश्व में पृथ्वी और पर्यावरण बचाने के नारे जोर-शोर से सुने जा सकते हैं, लेकिन जब नारे लगाने वाले ही इस अभियान की हवा निकालने में लगे हुए हों तो पृथ्वी और पर्यावरण पर संकट के बादल मंडराने तय हैं। आज विभिन्न देशों में अनेक मंचों से जो पर्यावरण बचाओ आन्दोलन चलाया जा रहा है, उसमें एक अजीब विरोधाभास दिखाई दे रहा है। पर्यावरण सभी बचाना चाहते हैं, लेकिन अपने त्याग की कीमत पर नहीं बल्कि दूसरों के त्याग की कीमत पर। स्थायी विकास एग्रीन इकोनॉमी और पर्यावरण सम्बन्धी विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा जरूरी है, लेकिन इसका फायदा तभी होगा, जब हम व्यापक दृष्टि से सभी देशों के हितों पर ध्यान देंगे। गौरतलब है कि ग्रीन इकोनॉमी के तहत पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना सभी वर्गों की तरक्की वाली अर्थव्यवस्था का निर्माण करना शामिल है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हरित अर्थव्यवस्था के उद्देश्यों के क्रियान्वयन के लिए विकसित देश विकासशील देशों की अपेक्षित सहायता नहीं करते हैं। स्पष्ट है कि विकसित देशों की हठधर्मिता की वजह से पर्यावरण के विभिन्न मुद्दों पर कोई स्पष्ट नीति नहीं बन पाती है। दरअसल इस दौर में पर्यावरण की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। हालात यह है कि मौसम का समस्त चक्र भी अनियमित हो गया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मौसम की यह अनिश्चितता और तापमान का उतार-चढ़ाव जलवायु परिवर्तन के कारण है। जलवायु परिवर्तन के कारण एक ही ऋतु में किसी एक जगह पर ही मौसम में उतार-चढ़ाव या परिवर्तन हो सकता है। वास्तव में हम पिछले अनेक दशकों से भ्रम में ही जी रहे हैं। यही कारण है कि पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुर्सत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। इसीलिए हम पर्यावरण के हर अवयव की इज्जत करना जानते थे। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। उदारीकरण की आंधी ने तो हमारे समस्त ताने-बाने को ही नष्ट कर दिया। इस प्रक्रिया ने पर्यावरण के अनुकूल समझ विकसित करने में बाधा पहुंचाई। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फिर हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि जलवायु परिवर्तन की यह समस्या किसी एक शहर, राज्य या देश के सुधरने से हल होने वाली नहीं है। पर्यावरण की कोई ऐसी परिधि नहीं होती है कि एक जगह प्राकृतिक संसाधनों का दोहन या प्रदूषण होने से उसका प्रभाव दूसरी जगह न पड़े। इसीलिए इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिन्ता देखी जा रही है। हालांकि इस चिन्ता में खोखले आदर्शवाद से लिपटे हुए नारे भी शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन पर होने वाले सम्मेलनों में हम इस तरह के नारे अक्सर सुनते रहते हैं। सवाल यह है कि क्या खोखले आदर्शवाद से जलवायु परिवर्तन का मुद्दा हल हो सकता है। यह सही है कि ऐसे सम्मेलनों के माध्यम से विभिन्न बिन्दुओं पर सार्थक चर्चा होती है और कई बार कुछ नई बातें भी निकलकर सामने आती हैं। यदि विकसित देश एक ही लीक पर चलते हुए केवल अपने स्वार्थों को तरजीह देने लगें तो जलवायु परिवर्तन पर उनकी बड़ी-बड़ी बातें बेमानी लगने लगती हैं। दरअसल जब हम प्रकृति का सम्मान नहीं करते हैं तो वह प्रत्यक्ष रूप से तो हमें हानि पहुंचाती ही है, परोक्ष रूप से भी हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी करती है। ज्यादातर विकासशील देशों में जलवायु परिवर्तन के प्रति सफलतापूर्वक अनुकूलन के लिए आर्थिक एवं प्रोद्यौगिकीय स्त्रोतों का अभाव है। दरअसल हरेक परिस्थितिक तंत्र के लिए अनुकूलन विशिष्ट होता है। गौरतलब है कि विभिन्न तौर-तरीकों से जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित किया जा सकता है। इन तौर-तरीकों में ऊर्जा प्रयोग की उन्नत क्षमता एवनों के काटने पर नियंत्रण और जीवाष्म इंधन का कम से कम इस्तेमाल जैसे कारक प्रमुख हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नहीं है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें। राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भीषण गर्मी का प्रकोप, तपते शहर

उत्तर भारत से लेकर पश्चिम और मध्य भारत तक इन दिनों गर्मी ने अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है। तापमान लगातार नए रिकॉर्ड की ओर बढ़ रहा है और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है, हवा में तपिश घुली हुई है और दोपहर का समय तो जैसे आग उगलता प्रतीत होता है। हालात ऐसे हैं कि लोग जरूरी कामों के अलावा घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं। जो निकल भी रहे हैं, वे छाता, गमछा या कपड़े से खुद को ढककर ही बाहर कदम रख रहे हैं। बच्चे, बुजुर्ग और मजदूर वर्ग इस भीषण गर्मी की सबसे ज्यादा मार झेल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार यह तापमान सामान्य से कई डिग्री अधिक है, जिससे गर्मी की तीव्रता और भी अधिक महसूस हो रही है। – *कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### घर के आंगन में उतरा हॉट बलून, 13 लोग थे सवार

दक्षिणी कैलिफोर्निया में एक हॉट एयर बलून को आपात स्थिति में एक घर के परिसर में उतारना पड़ा, जिसमें 13 लोग सवार थे। यह घटना शनिवार को हुई जब एक विशाल हॉट एयर बलून, जिसमें पायलट और यात्री सवार थे, टेमेकुला के एक घर की संकरी घास वाली पट्टी पर बिल्कुल सही तरीके से उतारा गया। घर के मालिक हंटर पेरिन के मुताबिक उन्हें इन मेहमानों के आने की सूचना तब मिली जब एक पड़ोसी ने इसकी जानकारी दी। पेरिन ने 'केएबीसी–टीवी' को बताया, मैंने स्लाइडिंग कांच का दरवाजा खोला और पाया कि मेरे घर के आंगन में 13 लोगों से भरी एक टोकरी है! उसने कहा, पायलट बहुत माहिर था। बलून न तो किसी चीज से टकराया, न ही कोई घायल हुआ। ब्रियाना अवालोस, जो अपने पति के साथ शादी की दसवीं सालगिरह मनाने के लिए बलून पर सवार हुई थीं, ने बताया कि पायलट ने यात्रियों को सूचित किया कि कम ईंधन और कमजोर हवाओं के कारण उसे आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ेगी।



## ऑफ बीट

### रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं

पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है। लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंतःस्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है।



## ट्रेंड

### कांग्रेस का असली चेहरा



जब कांग्रेस पार्टी मुद्दों पर घिर जाती है, तो उसके नेताओं की भाषा उनका असली चेहरा उजागर कर देती है। प्रधानमंत्री के विरुद्ध अपशब्दों का प्रयोग यह दर्शाता है कि विपक्ष के पास न कोई नीति है, न संकल्प।
- **शिवराज सिंह चौहान,** कृषिमंत्री

### मासूम की जागरूकता



एक आठ वर्षीय मासूम बच्ची की जागरूकता ने 1098 पर एक कॉल करके बाल विवाह को रोक दिया और एक बच्ची का बचपन बचा लिया। एक सही कदम बड़ा बदलाव ला सकता है। बाल विवाह एक अपराध है: सतर्क रहें, 1098 का उपयोग करें।
-**अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय** महिला विकास मंत्री

### 'मुन्ना' का निधन दुःखद




उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह 'मुन्ना' के निधन की खबर अत्यंत दु:खद है। उन्होंने अपना पूरा जीवन जनसेवा और कांग्रेस पार्टी के मूल्यों के लिए समर्पित कर दिया। दुख की इस घड़ी में, मेरी गहरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं।
**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### ममता को भय का सहारा



एनडीए 20 राज्यों में सत्ता में है, लेकिन कहीं भी किसी के बोलने, खाने या पूजा करने पर प्रतिबंध नहीं है। ममता बनर्जी पिछले 15 वर्षों में कोई उपलब्धि हासिल नहीं कर पाई हैं, इसलिए वे भय, भ्रम और अफवाहें फैलाने का सहारा ले रही हैं।
**-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com



गांव की कहानी

पवन यादव ' पहुना '

# सुंदर विचार वाले लोगों का गांव है सुंदरा

जननी और जन्मभूमि मनुष्य के लिए कभी भुला देने वाली स्थान नहीं होता।गांव का नाम सुंदरा पड़ा इस पर गंभीरता से गांव के बुजुर्गों व बुद्धिजीवियों से चर्चा करने पर कई कारण गांव के नाम के पीछे कारण बताते हैं। जिसके पीछे महत्वपूर्ण कारण यह है कि इस गांव में पहले कभी लड़ाई झगड़ा नहीं होते थे, गांव के लोग मिल जुल कर रहते थे तथा गांव के किसी समस्या आने पर बिना भेदभाव के निपटा लेते थे। कोर्ट कचहरी को तो न देखे न जानते थे। आसपास के गांव के लोग सुंदरा गांव की तारीफ किया करते थे। सभी सुंदर विचार वाले लोगों का गांव होने के कारण गांव का नाम रखा गया सुंदरा।

गांव राजनांदगांव से 5 किलोमीटर की दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग से लगा हुआ है 1 गांव में बहुत पुराना रामायण समिति है जो 1946 में गठित हुआ है 1 प्राथमिक पाठशाला का निर्माण 1956 में हुआ है




जिसका उद्घाटन मध्य प्रदेश के पहले राज्यपाल माननीय डॉ पट्टाभि सीतारामैया के कर कमलों द्वारा किया गया 1 अजय नाथ बाबा का आश्रम, माता अन्नपूर्णा देवी मंदिर, हनुमान जी का मंदिर है 1 गांव से लगा हुआ प्रसिद्ध कबीर आश्रम है 1 गांव में सड़क किनारे प्रसिद्धि दंत चिकित्सा महाविद्यालय और चिकित्सालय है 1




लोक साहित्य

डा विनोद कुमार वर्मा

## अनेक अर्थ होते हैं उलुहा शब्द का



हमारे छत्तीसगढ़ में उलुहा विशुद्ध छत्तीसगढ़ी शब्द है, जिसका अर्थ है -बीज से नवस्फुटित कोम्पल जिसमें छोटी छोटी पत्तियां और शाखाएं हों, जो पौधा बनता है, जिसमें जीवन का चिन्ह तो है ही, साथ ही वह वृक्ष बनने की पूरी क्षमता भी रखता है। उलुहा शब्द का प्रयोजन यहां एक और अर्थ में भी लिया जाता है -जब पेड़ पौधों की पत्तियां झड़ जाती हैं तब कुछ दिनों बाद उसमें नई शाखाओं में कोमल कोमल पत्तियां दिखाई पड़ती हैं। इन नए शाखाओं और पत्तियों को भी उलुहा कहा जाता है-

रानी लक्ष्मी बाई, सरोजनी नायडू,
लता मंगेशकर अउ इंदिरा गांधी कस महू ह,
ए जग म नाव कमाहूं।
उलुहा बेटी के गुहार,
दाई तै मोला झन मार।

इस कविता में उलुहा बेटी का अर्थ है एक अजन्मी बेटी। वह मां से विनती कर रही है -मां। मैंने तुम्हारे और बाबूजी की बातों को अभिमन्यु की तरह सुना है, मुझे मत मारो। मैं भी इस धरती की माटी को माथे में लगाना चाहती हूं।

सुरता

प. पुरुषोत्तम प्रसाद पाण्डेय

## लेखन को जीवन का आधार मानकर लिखते रहे



जीवन के व्यस्ततम कार्यों से समय निकाल कर लिखना लेखन के प्रति समर्पण को दर्शाता है। इसी भाव को आत्मसात करते पुरुषोत्तम प्रसाद पाण्डेय मालगुजारी कार्यों से समय निकालकर विदया अर्जन, साहित्य साधना, और भ्रमण आदि किया करते थे। उन्होंने स्वाध्याय से हिन्दी, संस्कृत, बंगला, ओड़यिा और उर्दू भाषा सीखी। वे प. अंनत राम पाण्डेय के आमंत्रण पर रायगढ़ जाया करते थे और यहां के प्रसिद्ध गणेश उत्सव में पधारे साहित्यिक विद्वानों और कलाकारों से मुलाकात किया करते थे। वे उनकी मंशानुरूप गद्य पद्य रचनाओं को संग्रहित करके अनंत लेखावली के रूप में संपादित कर प्रकाशित कराए थे। उनकी दो पुस्तक क्रमशः कहानी संग्रह लाल गुलाब और निबंध संग्रह आनंद का टोकना प्रमुख है। उनके घर में उनकी दादी के नाम पर निर्मित पार्वती पुस्तकालय था। जहां धार्मिक और साहित्यिक पुस्तकें संग्रहित थी। यही पुस्तकालय आगे चलकर पाण्डेय परिवार का प्रेरणास्त्रोत बना। इस परिवार के अधिकांश लोग रायगढ़ में रहने लगे। आपके सभी भाई उच्च कोटि के साहित्यकार हुए। आज भी पाण्डेय कुल के लोगों में साहित्यिक प्रतिभा दिखाई देती है।

### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

# अंग्रेजों के सामने न झुके न टूटे-गुंडाधूर

धरोहर

सुधीर सक्सेना





भूमकाल प्रसंग का महत्वपूर्ण ग्राम उलनार जगदलपुर तहसील के अंतर्गत पूर्वी बस्तर का एक ग्राम है। यहां भतरी बोली जाती है। उलनार में ही हथियार इकट्ठे किए गए। क्रांति की शपथ ली गई और यहीं से माड़यिा धुरवा क्रांतिकारी भत्ता बांध कर, लाल मिर्च बंधी आम की टहनियां लेकर प्रचार हेतु निकल पड़ते थे। डारा मिर्च देखकर अन्य वनवासी भी भूमकाल में सम्मिलित हुए। गुंडाधूर धुर आदिवासी था। बस्तर ही उसकी दुनिया थी। स्कूल कभी गया नहीं। जीवन में शायद ही कभी केशकाल घाटी के नीचे उतरा हो। बावजूद इन सबके उसका चरित्र खांटी आटविक है। अपने समय के वीरों में आपकी नीति बिल्कुल ही अलग रही। उन्होंने न तो हथियार डाले, न अंग्रेजों के हाथ लगे, और न ही समर्पण किए। गुंडाधूर एक महानायक हैं क्योंकि वह अभिचारित शक्तियों का भंडार है, जो आदिम शक्तियों का भंडार है, जो आदिम परिवेश में एक महानायक के लिए अपरिहार्य हैं। गुंडाधूर और लाल साहेब में प्रगाढ़ मैत्री थी। दोनों गजामूंग मितान और सिरहा थे। जगदलपुर में मूरतसिंह बख्शी की हवेली में अक्सर बैठकें हुआ करती थीं। गुंडाधूर की क्रांति प्रतिभा यहीं सक्रिय हुई।

ऐतिहासिक :डा रामचंद्र सिंहदेव

# विकास की दशा और दिशा बदली राजा साहब शिव मंगल सिंह ने




सन 1900 में राजा साहब शिवमंगल सिंह ने अपनी राजधानी को सोनहत से बैकुंठपुर में स्थानांतरित कर दिया। बैकुंठपुर लगभग कोरिया रियासत के केंद्र बिंदु में था। इस कारण वहां से समस्त राज्य का प्रशासन बेहतर ढंग से किया जा सकता था। उन्होंने दो तालाब एवं एक मंदिर का निर्माण कराया जो नए महल के निकट स्थित है। इनके परिवार की बहन बाई देव कुंवर में मनुष्यों की प्रकृति को पहचानने की अदभुत प्रतिभा थी। इसके साथ साथ वे ज्योतिष शास्त्र में निपुण होने के साथ ही कूट राजनीतिज्ञ भी थी। राजा साहब ने उन्हें तृतीय श्रेणी दंडाधिकारी के समस्त अधिकार प्रदान किए। वे प्रशासनिक कार्यों में राजा साहब की सहायता करती थी। वे अत्यंत धार्मिक एवं दानशील स्वभाव की महिला थी, जो सदैव गरीबों की समस्याओं का अध्ययन कर अपनी सामर्थ्य अनुसार उनकी सहायता किया करती थी। समाज के लोग उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करते थे। उन्हें स्नेहपूर्वक बाई साहब कह कर सम्बोधित किया जाता था। बैकुंठपुर में बाई साहब के नाम से एक तालाब खुदवा कर उसका नाम बाई सागर रखा गया। सन 1906 में उनका स्वर्गवास हो गया।

परंपरा

एम. एस. पैंकरा

## पति और पत्नी के वैवाहिक जीवन में विच्छेदन होने को कहा जाता है : छाड़रा छाड़री

छत्तीसगढ़ अंचल में छाड़रा छाड़री शब्द जशपुर - सरगुजा की स्थानीय बोली के आधार पर कहा जाता है। जब पति और पत्नी के बीच आपसी सामंजस्य नहीं बैठ पाने पर दोनों में विचारों में मतभेद के कारण, पति अथवा पत्नी द्वारा एक दूसरे को प्रताड़ति करने के कारण दोनों के बीच सम्बन्ध टूट जाता है, और पत्नी अपने पति से अलग होकर अपने मायके चली जाती है। ऐसे समस्या को सामाजिक नियमानुसार हल किया जाता है। यदि सामाजिक व्यवस्था में कोई निर्णय को मानते नहीं तो दंड लेकर अलग रहने के लिए मान्य किया जाता है जिसे छाड़रा छाड़री कहा जाता है। इस निर्णय के बाद पत्नी को अपने पूर्व पति के संपत्ति में हक पाने का अधिकार नहीं रहता। आगे दोनों पति पत्नी अब अपने अनुसार दूसरी कर सकते हैं।



पुरातात्विक : ललित शर्मा

# भूकंप के कारण नष्ट होने का अनुमान सिरपुर के सुरंग टीला मंदिर



देखने में आता है कि भूकंप आने पर बड़े बड़े नगर और राजधानी कुछ पलों में धरती में समा जाती हैं। धरती का एक बार थरथराना ही हजारों लाखों लोगों को काल के आगोश में समा देने के लिए काफी होता है। श्रीपुर के पतन में भूकंप की भूमिका भी रही होगी। भूकंप के चिन्ह सुरंग टीला स्थित पंचायत मंदिर के अधिस्ठान अधिष्ठान में दिखाई देती है। देखा जाए तो सुरंग टीला मंदिर की जगती भारत के मंदिरों में सबसे अधिक ऊंचाई पर है। मुख्य मंदिर तक पहुंचने के लिए 43 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती है। इसका तल विन्यास नदी के तल से 17 फुट ऊंचा है। वर्तमान में मंदिर की सीढ़ियां दबी हुई है। इनके कोण बदले हुए हैं। विशाल मंदिर की संरचना में परिवर्तन सिर्फ भूकंप से ही आ सकता है। इससे स्पष्ट होता है कि श्रीपुर या सिरपुर में भूकंप भी आया होगा, जिसके कारण यह नगर ढह गया होगा।



## 23 अप्रैल को तमिलनाडु में सभी 234 सीटों पर तो बंगाल में 152 सीट पर वोटिंग

# तमिलनाडु-बंगाल में थमा प्रचार का शोर कल उम्मीदवारों की किस्मत पर फैसला


*तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान से 48 घंटे पहले अब मंगलवार को चुनाव प्रचार थम गया है। तमिलनाडु में सभी 234 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होना है। वहीं बंगाल में पहले चरण की 152 सीट पर वोटिंग होगी। चुनाव प्रचार थमने के बाद किसी भी तरह की सार्वजनिक रैलियों और राजनीतिक प्रचार अब उम्मीदवार नहीं कर सकेंगे।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तमिलनाडु की बात करें, तो इस बार एक साथ सभी 234 सीटों पर मतदान होगा। इस बार राज्य में कुल 4,023 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस बार सभी की निगाहें राज्य के चर्चित अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी टीवीके पर भी है। राज्य की कई सीटों पर टीवीके को काफी समर्थन मिल रहा है। इस चुनाव में कुल 5.73 करोड़ मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। इस दक्षिणी राज्य में विकास, केंद्रीय निधि आवंटन, परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आरोपों जैसे मुद्दे लगभग एक महीने तक जारी रोमांचक चुनाव अभियान में हावी रहे, व्यक्तिगत हमलों के अलावा, चुनाव की तारीख की उलटी गिनती के दौरान परिसीमन प्रक्रिया ने प्रमुख स्थान ले लिया। राज्य में द्रमुक नीत 'सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलाएंस' और अन्नाद्रमुक नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, दोनों शक्तिशाली गठबंधन एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जिससे मुकाबला दिलचस्प होने के आसार हैं। द्रमुक 234 सीटों में से 164 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और उसके सहयोगी 70 सीटों पर मैदान में हैं, वहीं अन्नाद्रमुक 169 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और उसके सहयोगी 65 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व फिल्म निर्देशक सीमान के नेतृत्व वाली नाम तमिलर काची भी सभी 234 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

### खास बातें

- सार्वजनिक रैलियों और राजनीतिक प्रचार पर लगी रोक
- 4 मई को सभी चुनावी राज्यों की होगी मतगणना




### बंगाल में लगभग साढ़े तीन करोड़ मतदाता

बंगाल की 152 सीटों पर पहले चरण का मतदान होना है। 4 मई को सभी चुनावी राज्यों की काउंटिंग की जाएगी। इस बार पश्चिम बंगाल में 2 चरण में मतदान होना है। पहले चरण में कुल 1,478 प्रत्याशी मैदान में हैं। करीबन तीन करोड़ 60 लाख 77 हजार 171 मतदाता अपने मत का उपयोग करेंगे। इन मतदाताओं में एक करोड़ 75 लाख 77 हजार 210 महिलाएं हैं। इस बार चुनावी प्रचार में महिलाओं से जुड़ा मुद्दा प्रमुखताओं से सभी पार्टियों ने उठाया है।

### इन सीटों पर बंगाल में होगी वोटिंग

चुनाव आयोग की जानकारी के मुताबिक, बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को 16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान होगा। इनमें उत्तर बंगाल के आठ, दक्षिण बंगाल के तीन और जंगलमहल अंचल के पांच जिले शामिल हैं। मुर्शिदाबाद की 22, कूचबिहार की नौ, जलपाईगुड़ी की सात, अलीपुरद्वार की पांच, कलिंपोंग की एक, दार्जिलिंग की पांच, उत्तर दिनाजपुर की नौ, दक्षिण दिनाजपुर की छह, मालदा की 12, बीरभूम की 11, पश्चिम बर्द्धमान की नौ, पूर्व मेदिनीपुर की 16, पश्चिम मेदिनीपुर की 15, झाड़ग्राम की चार, पुरुलिया की नौ व बांकुड़ा की 12 सीटें शामिल हैं।

## कमल हासन ने किया डीएमके के लिए प्रचार, एक्टर विजय पर किया कटाक्ष

एजेंसी ▶▶| तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)




मक्कल नीधि मय्यम (एमएनएम) के प्रमुख और अभिनेता कमल हासन ने कहा कि वह बचपन में तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम जी रामचंद्रन (एमजीआर) और तमिल सिनेमा के दिग्गज अभिनेता 'शिवाजी' गणेशन की गोद में बैठा करते थे लेकिन उन्होंने कभी इस बात का फायदा नहीं उठाया। हासन की इस टिप्पणी को अभिनेता से नेता बने विजय द्वारा खुद को 'एमजीआर का उत्तराधिकारी' बताने की कोशिशों पर कटाक्ष के रूप में देखा जा रहा है। हासन ने तिरुचिरापल्ली पूर्व विधानसभा क्षेत्र से द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के उम्मीदवार इनिगो एस इरुदयाराज के लिए सोमवार रात प्रचार किया। इरुदयाराज के साथ हासन ने तिरुचिरापल्ली में रैली निकाली और लोगों से द्रमुक के चुनाव चिह्न 'उगता सूरज' के पक्ष में मतदान करने की अपील की। विजय भी तिरुचिरापल्ली पूर्व सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। हासन ने विजय की ओर इशारा करते हुए कहा, 'यहां से दूसरे उम्मीदवार की तरह मैंने भी बहुत कम उम्र में सिनेमा में प्रवेश किया और मैं सिनेमा की सभी हस्तियों को जानता हूं, लेकिन मैंने कभी उसका फायदा नहीं उठाया। मैं एमजीआर और शिवाजी (गणेशन) की गोद में बैठा करता था, लेकिन मैंने इस बात का फायदा नहीं उठाया। वास्तव में, एमजीआर मुझे बहुत पसंद करते थे।' हाल में जब विजय यहां प्रचार के लिए आए थे, तब उन्होंने एमजीआर की प्रतिमा के पास रुककर तस्वीर खिंचाई थी। हासन ने कहा कि उनमें अनुशासन केवल इसलिए है क्योंकि उन्हें बहुत अच्छे शिक्षक मिले।

## जहां भी भाजपा ने शासन किया राज्य बर्बाद हो गया : केजरीवाल

**चेन्नई।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को तमिलनाडु के लोगों से राजग से 'सतर्क' रहने की अपील करते हुए कहा कि अगर गलती से भी वे उसे सत्ता में लाते हैं तो वे द्रमुक प्रमुख एम.के. स्टालिन के सारे अच्छे काम पर पानी फेर देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार की तरह ही तमिलनाडु में भी अपना मुख्यमंत्री खुद चुनेगा। केजरीवाल ने गुजरात में भाजपा के शासन की आलोचना करते हुए कहा कि 30 साल तक सत्ता में रहने के बावजूद पार्टी सड़कों, स्कूलों और अस्पतालों की हालत में कोई सुधार नहीं कर पाई है। उन्होंने दावा किया, 'वहां इतना भ्रष्टाचार है।..जहां भी भाजपा ने शासन किया, राज्य बर्बाद हो गया।' दिल्ली के अपने अनुभव का हवाला देते हुए, पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर आम आदमी पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार के सभी अच्छे काम को खराब करने का आरोप लगाया।

## द्रमुक ने अन्नाद्रमुक को तोड़ने की साजिश रची : पलानीस्वामी

**सलेम।** ऑल इंडिया अन्ना द्रमुक महासचिव एडप्पाडी के पलानीस्वामी ने मंगलवार को दावा किया कि द्रमुक ने उनकी पार्टी को तोड़ने की साजिश रची थी, लेकिन उसे सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया गया। तमिलनाडु में गुरुवार को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार के आखिरी दिन अपने गृह जिले सलेम में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सत्तारूढ़ द्रमुक से निवेश को लेकर भी सवाल किए। अन्नाद्रमुक प्रमुख ने द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन पर अन्नद्रमुक को 'तोड़ने' की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'जब मैं मुख्यमंत्री था (2016-21), मुझे कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। स्टालिन ने हमारी पार्टी को तोड़ने की साजिश रची, लेकिन हमने उस साजिश को नाकाम कर दिया।'

## सत्ता में आने पर 'घुसपैठियों से मुक्त बंगाल' बनाया जाएगा : शाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को 'राज्य को घुसपैठियों से मुक्त कराने' का अवसर बताते हुए मंगलवार को कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आई, तो योग्यता के आधार पर युवाओं को हर साल एक लाख नौकरियां दी जाएंगी। पश्चिम बर्धमान के औद्योगिक केंद्रों आसनसोल और बराकर के बाहरी इलाके कुलटी में दिन की अपनी दूसरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने वादा किया कि राज्य में भाजपा के सत्ता में आने पर 'घुसपैठियों से मुक्त बंगाल' बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नयी सरकार 'राज्य में पनप रहे सिंडिकेट, माफिया और गुंडाराज' का भी अंत करेगी। भाजपा नेता ने कहा, 'निर्वाचन आयोग ने चुनाव के लिए पर्याप्त संख्या में सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों) के जवानों की तैनाती की है।

## टीएमसी महासचिव ने साधा निशाना

## भाजपा वादे पूरे करने में विफल रहती है : अभिषेक

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अपने वादे पूरे करने में 'विफल' रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी की 'लक्ष्मीर भंडार' जैसी कल्याणकारी योजनाएं निर्बाध रूप से जारी रहेंगी। बांकुड़ा जिले के बरजोरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि भाजपा ने 'सबके बैंक खाते में 15 लाख रुपये और सालाना दो करोड़ नौकरियां' देने का अपना वादा पूरा नहीं किया। बनर्जी ने कहा, 'जो लोग बुनियादी वादे पूरे नहीं कर पाए, उन पर कल्याणकारी लाभ प्रदान करने का भरोसा नहीं किया जा सकता।' उन्होंने भाजपा शासित राज्यों को पश्चिम बंगाल की प्रत्यक्ष लाभ योजनाएं अपनाने की चुनौती भी दी। तृणमूल के वरिष्ठ नेता ने कहा, ' भाजपा द्वारा शासित 16 राज्य हैं।


**RBL BANK**
*apna ka bank*

**लीज़ / किराए पर वाणिज्यिक परिसर की आवश्यकता है.**

आरबीएल बैंक देश भर में अपनी शाखाओं की मौजूदगी का विस्तार कर रहा है. बैंक को तल मंजिल पर लीज़/किराया आधार पर 800 से 1,100 वर्ग फुट जगह की तलाश है. इच्छुक पक्ष, जिनके पास जगह का स्पष्ट स्वामित्व हो और विपणन योग्य अधिकार हो, और जो जगह तुरंत उपयोग हेतु उपलब्ध करा सकें (सभी अनुमतियां एलएल के दायरे में हों), वे हमारी वेबसाइट https://www.rbl.bank.in/premise-details पर विजिट करें और 25 अप्रैल, 2026 को शाम 5:00 बजे या उससे पहले आवेदन करने का निवेदन किया जाता है.
केवल वही मालिक आवेदन कर सकते हैं जिनकी जगह तत्काल उपयोग के लिए तैयार हो, या जो एक (1) महीने के भीतर इसे तैयार कर सकें. कोई ब्रोकरेज नहीं दिया जाएगा.
आरबीएल बैंक के पास बिना कोई कारण बताए या बिना किसी सूचना के प्रस्ताव/प्रस्तावों को रद्द/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है


**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No. 03-03/ TN-29 / 198 Raipur, Dtd 20/ 04/ 2026

**E-TENDER NOTICE NO. TN-29/2026-27**

Online bids are invited for Supply/ work as mentioned below:-

| S. No. | Tender no. /RFx no. | Description | Submission Date & time |
|---|---|---|---|
| 1. | HP-36/26-27 8100050914 (With RLA) | Supply of 0.4 KV ACBs/MCCBs and retrofitting in place of old 0.4 KV EE Make ACB/MCCB/SFUs of 0.4 KV Unit and Station Auxiliaries Board at 3x40 MW, HBHPS, Machadoli. | 12.05.2026 Up to 15:00 Hrs |
| 2. | HP-38/26-27 8100050915 (With RLA) | Supply of 132 KV Current Transformers for 132/33 switchyard at HBHPS, CSPGCL, Machadoli. | 12.05.2026 Up to 15:00 Hrs |

For details please visit our website https://cspc.co.in/cspgcl_tendernotices/ or our e-bidding portal:- https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal

SAVE ELECTRICITY
EXECUTIVE DIRECTOR(S&P:GEN) CSPGCL:RAIPUR

### चंडीगढ़ के निवासी ने की है शिकायत

## भ्रामक सामग्री, शिक्षाविद् किश्वर पर मामला दर्ज

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़



चंडीगढ़ के निवासी की शिकायत के आधार पर शिक्षाविद् मधु किश्वर पर सोशल मीडिया पर फर्जी और भ्रामक सामग्री फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। किश्वर और कुछ अन्य सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (धर्म, जाति, भाषा के आधार पर समूहों के बीच दुश्मनी, नफरत या दुर्भावना को बढ़ावा देने वाले कृत्यों को अपराध घोषित करना), 336 (1) (जाली दस्तावेज बनाना) और 356 (आपराधिक मानहानि) तथा आईटी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत सेक्टर-26 पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। चंडीगढ़ पुलिस द्वारा सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, शहर के एक शिकायतकर्ता ने 19 अप्रैल को आरोप लगाया कि कुछ फर्जी और भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट और वीडियो क्लिप, जिनमें अश्लील 'टेक्स्ट' और सामग्री है, विभिन्न सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं द्वारा प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें वीडियो में दिख रहे व्यक्ति की गलत पहचान बताई गई है। मामले की जांच जारी है। शिकायतकर्ता के अनुसार, यह जानबूझकर अश्लील शब्दों और वाक्यांशों का उपयोग करके झूठा इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड बनाने का कृत्य है।

### यह कहा किश्वर ने

इस बीच, किश्वर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि चंडीगढ़ पुलिस की एक टीम उन्हें उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के संबंध में नोटिस देने सोमवार देर रात उनके घर आई थी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ' चूंकि कानून के अनुसार पुलिस को अंधेरा होने के बाद और सूर्योदय से पहले महिलाओं से मिलने या उन्हें गिरफ्तार करने की अनुमति नहीं है, इसलिए मैंने टीम के प्रमुख से फोन पर बात की। उन्होंने मुझे बताया कि उनकी टीम चंडीगढ़ में मेरे खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के संबंध में नोटिस देने आई है। मैंने उनसे कानून का पालन करने और सुबह आने का आग्रह किया।'

## जदयू विधायक दल के नेता बने श्रवण

**पटना।** श्रवण कुमार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। उनके नाम की औपचारिक सूचना पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा द्वारा विधानसभा को भेजी गई थी। विधानसभा सचिवालय ने मंगलवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। इस चयन से पहले सोमवार को जदयू विधायकों ने विधायक दल का नेता चुनने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को अधिकृत किया था। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने और राज्यसभा जाने के बाद राज्य में सम्राट चौधरी के नेतृत्व में नयी सरकार का गठन हुआ है। इसके बाद ही जदयू विधायक दल के नये नेता के चयन की प्रक्रिया शुरू हुई थी।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रायपुर (छ.ग.)**
(E-mail: cmho_raipur@yahoo.co.in) Ph. 0771-2543092, 2543084

क्रमांक/एन.एच.एम./2026/12740 रायपुर, दिनांक: 16/04/2026

**विज्ञापन (वाक-इन) के संबंध में सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जिले की स्वीकृत ROP 2025-26 के रिक्त संविदा 24 प्रकार के विभिन्न पदों (1. Laboratory Technicians - NVHCP, 2. Dental Surgeons NOHP, 3. Dental Assistant NOHP, 4. MO Ayush (NHM), 5. Dental Assistant (DEIC), 6. Staff Nurse - (NRC), 7. Cook cum care taker (NRC), 8. Feeding Demonstrator (NRC), 9. Attendant (NRC), 10. Aya Bai (SNCU), 11. Counselor (NHM), 12. Psychologist Clinical (NMHP) CHC LEVEL, 13. Lab Assistant -DPHL (DPHL IDSP), 14. Opthalmic Assistant (NPCB), 15. Counselor Blood Bank, 16. Attandant NPHCE (HA), 17. Attandant NPHCE (SA), 18. Ward Attendant (NMHP), 19. Dental Surgeon (NUHM), 20. Pharmacist (NUHM), 21. Opthalmic Assistant (NUHM), 22. Counselor (Tele Manas), 23. Clinical Phycologist (Tele Manas), 24. Peer Supporter (NVHCP) का विज्ञापन जिले की वेब साईड www.raipur.gov.in में प्रकाशित किया जा रहा है। इच्छुक एवं अर्हताधारी उम्मीदवार जिले के वेबसाईड से विज्ञापन का अवलोकन कर विज्ञापन में उल्लेखित नियम एवं शर्तों के अनुसार वाक-इन हेतु निर्धारित समयसारिणी अनुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

संवाद-47579

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

**ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना प्रथम बार (क्रमांक-01)**

क्रमांक / 465 / निविदा/ ग्रा.यां. सेवा/ 2026-27 दन्तेवाड़ा दिनांक-20/4/2026

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) ई-निविदा दिनांक 08/05/2026 तक आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रु.लाख में) | कार्यालय में निविदा की मैनुअल दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
